# देशबन्धु

वर्ष – 9 । अंक – 7 । नर्मदापुरम, गुरुवार 9 अप्रैल 2026 । पृष्ठ–8 । मूल्य – 2.00 रुपए

किसानों के हक में कांग्रेस का 'हल्ला बोल' आज, विशाल प्रदर्शन, कलेक्ट्रेट का घेराव पृष्ठ 2
ईरान का अद्भुत जज्बा दुनिया के लिए मिसाल / न्यायपालिका में ए. आई. के उपयोग की संभावनाएं पृष्ठ 4
उमड़ा शिक्षकों का सैलाब, रैली निकालकर पहुंचे कलेक्टर कार्यालय पृष्ठ 6
मालेगांव में भीषण पेयजल संकट से बिफरे लोग, कलेक्टर से 7 दिनों में समाधान की मांग वरना करेंगे चक्का जाम-प्रदर्शन पृष्ठ 7

## सार-समाचार

### बड़वानी में भूकंप के हल्के झटके, किसी प्रकार का नुकसान नहीं

**बड़वानी/भोपाल देशबन्धु।** बड़वानी में बुधवार दोपहर भूकंप के हल्के झटके महसूस किए गए। दोपहर 12:48 बजे आए इस झटके की तीव्रता 3.8 दर्ज की गई। झटके हल्के होने के कारण कहीं से भी किसी प्रकार के जन-धन हानि की सूचना नहीं मिली है। झटकों के दौरान कुछ देर के लिए, लोग घरों और दफ्तरों से बाहर निकल आए, हालांकि स्थिति सामान्य बनी रही और किसी तरह की दहशत नहीं फैली। पर्यावरण प्रेमियों का कहना है कि बदलते जलवायु और पर्यावरणीय असंतुलन के प्रभाव अब विभिन्न रूपों में देखने को मिल रहे हैं। उनका मानना है कि समय रहते पर्यावरण संरक्षण की दिशा में प्रयास करना आवश्यक है, ताकि भविष्य में ऐसे प्राकृतिक घटनाओं के दुष्प्रभावों को कम किया जा सके।

### हिमंता के खिलाफ युवा कांग्रेस का जंतर-मंतर पर प्रदर्शन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय युवा कांग्रेस ने असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा के खिलाफ बुधवार को यहां जंतर-मंतर पर विरोध प्रदर्शन किया। युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु चिब के नेतृत्व में यह प्रदर्शन कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के खिलाफ कथित आपत्तिजनक टिप्पणी और कांग्रेस नेता पवन खेड़ा के घर पर असम पुलिस की कार्रवाई के विरोध में आयोजित किया गया। इस मौके पर श्री चिब ने श्री सरमा की भाषा को 'अस्वीकार्य और शर्मनाक' बताते हुए कहा कि यह न केवल कांग्रेस अध्यक्ष का, बल्कि दलित समाज का भी अपमान है।

### कांग्रेस की वरिष्ठ नेता मोहसिना किदवई का निधन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** वरिष्ठ कांग्रेस नेता और मेरठ से तीन बार सांसद रहीं मोहसिना किदवई का बुधवार को निधन हो गया। 93 साल की उम्र में किदवई ने बुधवार सुबह चार बजे अस्पताल में आखिरी सांस ली। नोएडा के सेक्टर 40 स्थित आवास से मोहसिना किदवई की अंतिम यात्रा दोपहर 3 बजे निकलेगी। मोहसिन किदवई के निधन पर कई राजनेताओं ने शोक व्यक्त किया है। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने भी शोक जताया है।

### ममता बनर्जी ने भवानीपुर से नामांकन दाखिल किया

**कोलकाता, एजेंसी।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बुधवार को दक्षिण कोलकाता स्थित अपने गृह क्षेत्र भवानीपुर विधानसभा क्षेत्र से अपना नामांकन दाखिल किया। नामांकन पत्र में प्रस्तावकों की सूची में सभी वर्गों के लोगों को शामिल किया गया है। ममता बनर्जी के नामांकन पत्र में प्रस्तावकों में कोलकाता के महापौर फिरहाद हकीम की पत्नी इस्मत हकीम, अभिनेत्री से राजनीतिज्ञ बनीं और तृणमूल कांग्रेस की राज्यसभा सदस्य कोयल मल्लिक के पति निशपाल सिंह राणे, स्थानीय तृणमूल कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष बबलू सिंह और भाबानीपुर शिक्षा समिति के प्रतिनिधि मिराज शाह शामिल हैं।

### गगनयान से पहले होंगे तीन मानवरहित मिशन: इसरो प्रमुख

**बेंगलुरु, एजेंसी।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के अध्यक्ष वी. नारायणन ने बुधवार को कहा कि भारत के पहले मानव अंतरिक्ष मिशन गगनयान से पहले तीन मानवरहित (अनक्रूड) मिशन भेजे जाएंगे। अंतरराष्ट्रीय 'स्पेसक्राफ्ट मिशन ऑपरेशंस' सम्मेलन के उद्घाटन सत्र के बाद पत्रकारों से बातचीत में नारायणन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दिशा-निर्देशों और घोषणाओं के आधार पर गगनयान कार्यक्रम पर काम जारी है। उन्होंने कहा, 'क्रूड मिशन से पहले तीन अनक्रूड मिशन निर्धारित किए गए हैं।

### एनसीआर में वर्षों बाद 'ग्रीन जोन' में पहुंचा एक्यूआई

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) के लोगों को वर्षों बाद साफ और ताजी हवा का अनुभव हो रहा है। लगातार हो रही बारिश, आंधी और तेज हवाओं के कारण वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) में उल्लेखनीय सुधार दर्ज किया गया है। कई इलाकों में एक्यूआई 'ग्रीन जोन' और 'संतोषजनक' श्रेणी में पहुंच गया है, जिससे लोगों को पहाड़ों जैसी ताजगी का एहसास हो रहा है। प्राप्त आंकड़ों के अनुसार, दिल्ली के विभिन्न क्षेत्रों में एक्यूआई काफी बेहतर स्थिति में दर्ज किया गया। अलीपुर में एक्यूआई 83, आनंद विहार में 112, अशोक विहार में 86, बवाना में 89, बुराड़ी क्रॉसिंग में 75, कैंटोनमेंट एरिया में 72 और चांदनी चौक में 104 दर्ज किया गया।

---

युद्धविराम के कुछ घंटे बाद ही ईरान ने किया बड़ा धमाका

# यूएई-कुवैत पर मिसाइल और ड्रोन अटैक



**नई दिल्ली, एजेंसी।** अमेरिका और ईरान के बीच 28 फरवरी से जारी जंग के बाद बुधवार सुबह सीजफायर का ऐलान किया गया. अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और सेना प्रमुख आसिम मुनीर की अपील के बाद दो हफ्ते के सीजफायर पर सहमति बनी है. लेकिन लगता है कि यह सीजफायर एक दिन भी नहीं टिक पाया।

संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) का कहना है कि ईरान की ओर से अभी भी मिसाइलें दागी जा रही हैं. यूएई ने कहा कि वह ईरान की ओर से आने वाली मिसाइलों की बौछार को रोकने के लिए जवाबी कार्रवाई कर रहा है. यूएई का कहना है कि उनका एयर डिफेंस ईरान की ओर से दागी गई मिसाइलों को रोकने के लिए सक्षम हैं. यह बयान ऐसे समय पर आया है, जब कुछ ही घंटों पहले ईरान, अमेरिका और इजरायल के बीच दो सप्ताह का युद्धविराम हुआ था. हालांकि, यूएई ने यह स्पष्ट नहीं किया कि हमला किस जगह पर हो रहा है।

कुवैत की सेना ने कहा कि सुबह आठ बजे से ईरानी ड्रोन हमलों से निपटा जा रहा है. सेना ने बताया कि उसने कई ड्रोन को मार गिराया, जिनमें से कुछ दक्षिणी क्षेत्र में महत्वपूर्ण तेल प्रतिष्ठानों और बिजली स्टेशनों को निशाना बना रहे थे, जिससे बुनियादी ढांचे को भारी नुकसान हुआ है. वहीं, ईरान की मेहर न्यूज एजेंसी ने लावन रिफाइनरी में विस्फोट की खबर दी. ईरान के लावन आईलैंड पर एक तेल रिफाइनरी में बड़ा धमाका हुआ है. सीजफायर के बाद ईरान में धमाके की ये पहली घटना है. अभी विस्फोट के कारणों का पता नहीं चल सका है।

## ट्रंप ने 2 हफ्तों के युद्धविराम किया ऐलान, ईरान ने भी जताई सहमति

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि वे दो हफ्तों के लिए ईरान पर बमबारी रोकने पर सहमत हो गए हैं। यह सहमति उनकी डेडलाइन की रात 8 बजे (भारतीय समयानुसार बुधवार सुबह 5.30 बजे) की समय सीमा से दो घंटे से भी कम समय पहले बनी। ट्रंप ने डेडलाइन पूरी होने पर पूरी सभ्यता को तबाह करने की धमकी दी थी। वाइट हाउस ने कहा है कि इजरायल ने भी इस अस्थायी युद्धविराम पर सहमति जताई है।

ट्रंप ने अपने ट्रुथ सोशल मीडिया पर दो हफ्तों के युद्धविराम समझौते की जानकारी दी और कहा कि यह समझौता इस शर्त पर किया गया है कि ईरान, होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से पूरी तरह खोलने पर सहमत हो। ट्रंप की घोषणा पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के उस प्रस्ताव के बाद आई है, जिसमें उन्होंने अमेरिका और ईरान के बीच कूटनीतिक बातचीत के लिए संघर्ष-विराम का सुझाव दिया था।

ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर लिखा, 'पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और फील्ड मार्शल असीम मुनीर के साथ हुई बातचीत के आधार पर- जिसमें उन्होंने मुझसे अनुरोध किया था कि मैं आज रात ईरान भेजे जा रहे विनाशकारी बल को रोक लूं- और इस शर्त पर कि इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ ईरान होर्मुज जलडमरूमध्य को पूरी तरह, तुरंत और सुरक्षित रूप से खोलने पर सहमत हो, मैं दो हफ्ते की अवधि के लिए ईरान पर बमबारी और हमले को रोकने पर सहमत हूं। यह एक दो-तरफा युद्धविराम होगा।'

> शहबाज, मुनीर से बातचीत के बाद ट्रंप का ऐलान
> ईरान, होर्मुज जलडमरूमध्य को खोलने को राजी

युद्धविराम की वजह बताते हुए ट्रंप ने आगे कहा, 'ऐसा करने का कारण यह है कि हमने अपने सभी सैन्य उद्देश्यों को पहले ही पूरा कर लिया है और उनसे आगे भी निकल गए हैं। साथ ही हम ईरान के साथ दीर्घकालिक शांति और मध्य-पूर्व में शांति सुनिश्चित करने वाले एक निर्णायक समझौते की दिशा में काफी आगे बढ़ चुके हैं।'

### इजरायल भी हमले रोकने पर सहमत

ट्रंप ने आगे लिखा कि अमेरिकी राष्ट्रपति के तौर पर यह उनके लिए गर्व की बात है कि एक लंबे समय से चली आ रही यह समस्या अब समाधान के बेहद करीब है। वाइट हाउस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने द्रहरू को बताया है कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की तरफ से किए गए दो हफ्ते के सीजफायर का इजरायल की भी हिस्सा है। अधिकारी ने बताया कि इजरायल भी बातचीत जारी रहने तक बमबारी रोकने पर समहत हो गया है।

दोनों देशों ने पाकिस्तान को कहा शुक्रिया

## कल से इस्लामाबाद में आगे की बातचीत करेंगे

**तेहरान, एजेंसी।** अमेरिका और ईरान दोनों ने पाकिस्तान की भूमिका की तारीफ़ की है। ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची ने कहा है कि उनका देश अमेरिका के साथ दो सप्ताह के युद्धविराम के लिए सहमत हो गया है और इस दौरान होर्मुज जलडमरूमध्य से जहाजों को सुरक्षित आवाजाही की अनुमति दी जाएगी। श्री अराघची ने युद्धविराम समझौता करवाने के लिए पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और सेना प्रमुख आसिम मुनीर के प्रति आभार व्यक्त किया। अमेरिका और ईरान 10 अप्रैल से इस्लामाबाद में युद्धविराम पर आगे की बातचीत करेंगे।'

### पाकिस्तान ने जो काम किया, वो भारत को करना चाहिए था : राशिद अल्वी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अमेरिका-ईरान के बीच दो हफ्ते के सीजफायर पर सहमति बनने के बाद कांग्रेस नेता राशिद अल्वी ने पाकिस्तान की तारीफ की। उन्होंने कहा कि जो काम भारत सरकार को करना चाहिए था, वह काम पाकिस्तान ने करके दिखाया है। कांग्रेस नेता राशिद अल्वी ने कहा कि युद्ध पर पूरी दुनिया की नजर थी। दुनिया चाहती थी कि युद्ध विराम हो। पाकिस्तान, तुर्की तथा सऊदी अरब की कोशिशों से अमेरिका और ईरान के बीच सीजफायर हुआ है। उन्होंने आरोप लगाया कि जो काम भारत सरकार को करना चाहिए था, वह पाकिस्तान ने करके दिखाया है। भारत की विदेश नीति सबसे ज्यादा फेल हुई है. उन्होंने दावा किया कि सीजफायर का क्रेडिट पाकिस्तान को जा रहा है।

---

# रेत माफिया ने वन रक्षक को ट्रैक्टर से कुचला, मौके पर हुई मौत



**मुरैना, एजेंसी।** रेत माफिया के अवैध परिवहन कर रहे ट्रैक्टर-ट्रॉली पर कार्रवाई करने गई वन विभाग की टीम पर बुधवार सुबह हमला हो गया. बदमाशों ने वन विभाग की टीम पर जानलेवा हमला कर दिया. रेत माफिया ने वन आरक्षक को ट्रैक्टर से कुचल दिया. वन आरक्षक हरकेश गुर्जर के सिर पर ट्रॉली का पहिया चढ़ गया, मौके पर ही उनकी मौत हो गई. घटना दिमनी थाना इलाके में रानपुर गांव चौराहे के पास की है. पुलिस ने इस मामले में हत्या का मामला दर्ज कर लिया है।

घटना की जानकारी मिलते ही कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड़, एसपी समीर सौरभ और डीएफओ हरिशंद बघेल मौके पर पहुंचे. पुलिस ने इस मामले में अज्ञात आरोपी के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया है. वन आरक्षक के शव को जिला अस्पताल में पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया।

पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि अवैध रेत परिवहन की सूचना मिलने पर वन विभाग की 6 सदस्यीय टीम मौके पर कार्रवाई करने पहुंची थी. वन विभाग की टीम को देख ड्राइवर विनोद कोरी ने रेत से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली लेकर भागने की कोशिश की. इस दौरान वन आरक्षक हरकेश गुर्जर उसे रोकने के लिए आगे बढ़े. ड्राइवर विनोद ने उन्हें कुचल दिया. ट्रॉली का पहिया आरक्षक के सिर पर चढ़ गया, जिससे मौके पर ही मौत हो गई।

एडिशनल एसपी सुरेंद्र पाल सिंह ने कहा दिमनी थाने में केस दर्ज कर लिया गया है.शव का पोस्टमॉर्टम कराया गया है. इलाके में अतिरिक्त फोर्स भेजी गई है. आरोपी की तलाश की जा रही है. जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

केन्द्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में लगी प्रस्ताव पर मुहर

## उर्वरकों पर 41,533 करोड़ के सब्सिडी पैकेज को मंज़ूरी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सरकार ने किसानों के लिए खरीफ मौसम में उर्वरकों पर पोषक तत्व आधारित सब्सिडी में 4317 करोड़ रुपए की बढ़ोतरी करते हुए 41,533 करोड़ रुपए के पैकेज की घोषणा की है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को यहां हुई केन्द्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में उर्वरक विभाग के इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई।

> उर्वरकों पर सब्सिडी का युक्तिकरण किया जाएगा

सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बाद में संवाददाता सम्मेलन में बताया कि यह सब्सिडी पैकेज खरीफ मौसम यानी एक अप्रैल से 30 सितम्बर तक के लिए फॉस्फेटिक और पोटाशिक (पीएंडके) उर्वरकों पर पोषक तत्व आधारित सब्सिडी (एनबीएस) दरों में दिया गया है। उन्होंने कहा कि इसके लिए अनुमानित बजटीय आवश्यकता लगभग 41,533.81 करोड़ रुपए होगी जो पिछले वर्ष के खरीफ मौसम की बजटीय आवश्यकता से लगभग 4,317 करोड़ रुपए अधिक है। खरीफ 2025 का बजट 37,216.15 करोड़ रुपए था। श्री वैष्णव ने कहा कि किसानों को सब्सिडी दरों पर उर्वरकों की उपलब्धता सस्ती, किफायती और उचित कीमतों पर सुनिश्चित की जाएगी।

---

## खेड़ा ने जारी किया नया वीडियो, सरमा परिवार पर फिर साधा निशाना

**नई दिल्ली, एजेंसी।** असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा की पत्नी रिनिकी भुइयां सरमा को लेकर कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा ने जो आरोप लगाए थे, उसे लेकर बवाल थम नहीं रहा है। असम पुलिस ने पवन खेड़ा के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है और उन्हें गिरफ्तार करने भी पहुंची थी लेकिन वह मिले नहीं. अब पवन खेड़ा का नया वीडियो आया है। इसमें उन्होंने आरोप लगाया कि जनता देख रही है कि पिछले दो दिन से असम के मुख्यमंत्री और देश के गृह मंत्री क्या-क्या हथकंडे अपना रहे हैं।

उन्होंने कहा कि में जहां भी जाता हूं या उनको लगता है कि मैं गया हुआ हूं, वहां ये पुलिस भेज रहे हैं. सवाल ही तो उठाए हैं कांग्रेस पार्टी ने. आप मुझे चुप क्यों करवाना चाहते हैं? सवाल पूछे हैं, जवाब दीजिए, हम कहते हैं ये कागज और जानकारी आई है, इसकी जांच कीजिए. आप जवाब देने की जगह गाली दे रहे हो. पुलिस छोड़ रहे हो. आप डराने की कोशिश कर रहे हैं. आपको आदत डराने की हो सकती है लेकिन हमारी आदत डरने की नहीं है. क्योंकि मैं मेवाड़ का हूं, कांग्रेसी हूं, राहुल गांधी का सिपाही हूं. उन्होंने कहा कि जो कागज हमारे पास आए और वेबसाइट के नाम बताए, वो हमने सबके साथ साझा किया. हम तो यही उम्मीद करते हैं कि आप जांच बैठाएं। पवन खेड़ा ने कहा कि अब कुछ और जानकारियां आई हैं. सवाल आपके आईटी सेल ने उठाए थे. ये तारीख इसलिए 6 अप्रैल की आई है, क्योंकि जब नॉन-डिस्क्लोजर एग्रीमेंट रिवोक हो जाती है, जितनी भी जानकारी प्राइवेट थी, वो पब्लिक हो जाती है. तो तारीख उसकी होती है. फाइलिंग और इनकॉर्पोरेशन में फर्क होता है. ये फाइलिंग की तारीख नहीं है. मैं इनकॉर्पोरेशन की बात पूछ रहा हूं। उन्होंने कुछ कागजात दिखाते हुए कहा कि मिस्र के पासपोर्ट, एंटिगुआ-बारबाडोस के पासपोर्ट और यूएई के गोल्डन वीजा की बात सही है या गलत, इसकी जांच होनी चाहिए. खेड़ा का कहना है कि सरमा और उनकी पत्नी की संपत्तियों से जुड़े सवालों का जवाब असम के मुख्यमंत्री को देना चाहिए।



आरबीआई ने रेपो रेट को 5.25 प्रतिशत पर रखा बरकरार

## पश्चिम एशिया संकट से महंगाई बढ़ने की आशंका

**मुंबई, एजेंसी।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने पश्चिम एशिया संकट के कारण आर्थिक वृद्धि प्रभावित होने और खुदरा महंगाई बढ़ने की आशंका जाहिर करते हुए मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की बुधवार को समाप्त बैठक में नीतिगत दरों को स्थिर रखने तथा 'इंतजार करो और नजर रखो' की नीति अपनाने का फैसला किया। एमपीसी ने सर्वसम्मति से रेपो दर 5.25 प्रतिशत पर स्थिर रखने का निर्णय किया। साथ ही अपना रुख तटस्थ बनाए रखा है। साथ ही स्टैंडिंग डिपॉजिट फैसिलिटी रेट पांच प्रतिशत और मार्जिनल स्टैंडिंग फैसिलिटी रेट तथा बैंक रेट 5.50 प्रतिशत पर अपरिवर्तित रहेगी। चालू वित्त वर्ष के लिए सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में 6.9 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान है। पहली तिमाही में जीडीपी वृद्धि दर 6.8 प्रतिशत, दूसरी तिमाही में 6.7 प्रतिशत, तीसरी तिमाही में सात प्रतिशत और चौथी तिमाही में 7.2 प्रतिशत रहने का अनुमान है।

> जीडीपी वृद्धि दर 6.9 प्रतिशत रहेगी

---

# असम, केरल और पुडुचेरी में आज मतदान

**नई दिल्ली, एजेंसी।** असम, केरल और केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी में 296 विधानसभा सीटों पर चुनाव के लिए गुरुवार को होने वाले मतदान की तैयारियां पूरी कर ली गई है। असम की 126, केरल की 140 और पुडुचेरी की 30 सीटों के लिए कल वोट डाले जाएंगे। मतदान सुबह सात बजे शुरू होगा और शाम पांच बजे तक चलेगा। चुनाव शांतिपूर्ण और निष्पक्ष तरीके से सम्पन्न कराने के लिए सभी आवश्यक प्रबंध कर लिये गये हैं और आयोग मतदान-केंद्रों पर मतदाताओं का स्वागत करने के लिए तैयार है।

> असम की 126, केरल की 140 व पुडुचेरी की 30 सीटों पर डाले जाएंगे वोट
> प्रत्येक मतदान केंद्र पर 750 से 850 मतदाता होंगे

चुनाव आयोग के मुताबिक औसतन प्रत्येक मतदान केंद्र पर 750 से 850 मतदाता होंगे, लेकिन किसी भी मतदान केंद्र पर 1,200 से ज्यादा मतदाता नहीं होंगे। असम में 2,50,21,408 मतदाताओं के लिए कुल 28,205 मतदान केंद्र स्थापित किये गये हैं। केरल में 2,71,06,059 मतदाता हैं जिनके लिए 30,471 मतदान केंद्र बनाये गये हैं। वहीं पुडुचेरी में 9,44,539 मतदाता 1,099 मतदान केंद्रों पर अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगे।मतदाताओं की सुविधा के लिए मतदान केंद्रों पर छाया और पेयजल के समुचित प्रबंध किए गए हैं।

आयोग ने इस बार 85 वर्ष से अधिक उम्र के मतदाताओं के लिए घर पर मतदान करने की सुविधा प्रदान की है तथा उनके लिए वाहन सुविधा उपलब्ध कराने की व्यवस्था भी की गई है। असम में कुल 722 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। राज्य में कुल 2.5 करोड़ मतदाता हैं, जिनमें 1.25 करोड़ पुरुष, 1.25 करोड़ महिलाएं और 343 ट्रांसजेंडर मतदाता शामिल हैं। केरल विधानसभा चुनाव के लिए 140 सीटों पर 890 उम्मीदवार अपना भाग्य आजमा रहे हैं। राज्य में कुल मतदाताओं की संख्या 2.71 करोड़ है, जिनमें 1.32 करोड़ पुरुष, 1.39 करोड़ महिलाएं और 273 ट्रांसजेंडर हैं। पुडुचेरी में कुल 9.44 लाख मतदाता हैं, जिनमें लगभग 4.43 लाख पुरुष, 5 लाख महिलाएं और 139 ट्रांसजेंडर मतदाता शामिल हैं। राज्य में मतदान के दौरान सुरक्षा के लिए करीब 3,000 पुलिसकर्मी तैनात किए गए हैं, जिनमें पुडुचेरी पुलिस, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) और कर्नाटक पुलिस की विशेष टीम शामिल है।

मुख्यमंत्री ने जबलपुर से शुरू किया गांव-बस्ती चलो अभियान

# भाजपा में राष्ट्र प्रथम और कांग्रेस में तुष्टिकरण की राजनीति

**भोपाल/जबलपुर, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बुधवार को जबलपुर के मानस भवन में भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस के तहत गांव-बस्ती चलो अभियान का शुभारंभ करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता राष्ट्र प्रथम के भाव के तहत कार्य करते हैं। जबकि कांग्रेस पार्टी और उसके कार्यकर्ता तुष्टिकरण प्रथम के सिद्धांत पर कार्य करते हैं। कार्यकर्ताओं की मेहनत और परिश्रम से भाजपा आज दुनिया का सबसे बड़ा राजनीतिक दल बना है। कांग्रेस ने किसानों के साथ इतने पाप किया है कि कांग्रेस पार्टी को दो पीढ़ियां भी माफी मांगें तो भी कम है। भाजपा ने जनसंघ से लेकर आज तक अपनी विचारधारा से कभी समझौता नहीं किया। जन उद्देश्यों को लेकर जनसंघ का गठन किया गया था, हम आज भी उसी विचारधारा को लेकर देश और जनता की सेवा कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि कांग्रेस की अपनी स्वयं की कोई विचारधारा नहीं है। देश की आजादी के बाद पंडित मदन मोहन मालवीय जब वाराणसी में काशी हिंदू विश्व विद्यालय की स्थापना करा रहे थे, तब तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू सोमनाथ मंदिर से लेकर अयोध्या में भगवान श्रीराम लला के मंदिर को लेकर क्या कर रहे थे, देश जानता है। भाजपा ने सनातन संस्कृति के भाव से कभी समझौता नहीं किया।



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव कहा कि भाजपा पं. दीनदयाल उपाध्याय जी के एकात्म मानववाद के सिद्धांतों को प्रतिपादित करते हुए अंतिम पंक्ति के अंतिम व्यक्ति की जिंदगी संवारने का कार्य कर रही है। मध्यप्रदेश शासन के कैबिनेट मंत्री श्री राकेश सिंह ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता आधारित दल है। कार्यकर्ताओं की बदौलत भाजपा आज विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक दल बना है।

**वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का किया सम्मान:** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गांव-बस्ती चलो अभियान के शुभारंभ अवसर पर पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने विजयराज पटैरिया, सुरेश देशपाण्डे, आनंद बर्नाड, राजकुमार मेहता, गोकुल केसरवानी, सत्यप्रकाश खरे, विजय बर्मन, वीरेन्द्र गिरी गोस्वामी, कमल गुमास्ता एवं रामप्रकाश गर्ग का सम्मान किया।

इस अवसर पर सांसद आशीष दुबे, सुमित्रा बाल्मीकि, पार्टी के प्रदेश कोषाध्यक्ष अखिलेश जैन, महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष अश्विनी परांजपे, जिला प्रभारी आलोक संजर, महापौर जगतबहादुर सिंह अन्नू, पूर्व मंत्री व विधायक अजय विश्नोई, विधायक अशोक रोहाणी, सुशील तिवारी इंदु, डॉ. अभिलाष पाण्डेय, नीरज सिंह, संतोष बरकड़े, जिला अध्यक्ष रत्नेश सोनकर, जिला अध्यक्ष ग्रामीण राजकुमार पटेल, जिला पंचायत अध्यक्ष आशा गोटिया, मनोरमा पटेल, नगर निगम अध्यक्ष रिंकू विज मंचासीन रहे।

# नर्मदा नियरे

## सार-समाचार

### दुकान के अंदर जा घुसी गोहटा छिपकली, सर्प मित्रों ने पकड़ा


**इटारसी, देशबन्धु।** चामुंडा चौराहा स्थित दीपू पटेल की दुकान में आज एक विशाल छिपकली जिसे स्थानीय भाषा में गोहेरा या गोहटा कहा जाता है, घुसने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। नितिन राजपूत द्वारा दी गई सूचना पर वन विभाग की टीम हरकत में आई।



अभिषेक शर्मा वन परिक्षेत्र अधिकारी के निर्देश पर अभिजीत यादव और अभय चौरे मौके पर पहुंचे। टीम ने शटर बंद दुकान के अंदर से मॉनिटर लिजर्ड को सावधानीपूर्वक रेस्क्यू किया। वन विभाग के अनुसार यह जीव विषैला नहीं होता है। रेस्क्यू के बाद इसे प्राकृतिक आवास में सुरक्षित रिलीज कर दिया गया है।

### नाले मोहल्ले में कबरबिज्जू का आतंक, वन विभाग ने किया सुरक्षित रेस्क्यू

**इटारसी, देशबन्धु।** शहर के नाले मोहल्ले में उस वक्त हड़कंप मच गया जब रहवासी धर्मेन्द्र पटेल के घर के बाहर कबरबिज्जू दिखाई दिए। धर्मेन्द्र पटेल ने जब पेड़ पर एक कबरबिज्जू देखा तो वह भाग निकला, लेकिन बाथरूम की छत पर रखे सामान के बीच दो अन्य कबरबिज्जू छिपे बैठे थे। सूचना मिलते ही वन परिक्षेत्र अधिकारी अभिषेक शर्मा के निर्देशन और सर्प विशेषज्ञ अभिजीत यादव के मार्गदर्शन में टीम मौके पर पहुंची। सर्पमित्र अभय चौरे, मोहित मेहरा और सचिन दुलारे ने करीब 2 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद दोनों कबरबिज्जू को सुरक्षित रेस्क्यू किया। बाद में इन्हें वन क्षेत्र के सुरक्षित स्थान पर छोड़ दिया गया।



### टीईटी परीक्षा निरस्त करने की मांग को लेकर विधायक को सौंपा ज्ञापन



**इटारसी, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश शिक्षक संघ के प्रांतीय आह्वान पर चलाए जा रहे प्रदेशव्यापी अभियान के अंतर्गत आज इटारसी में शिक्षकों ने अपनी मांगों को लेकर हुंकार भरी। संघ के पदाधिकारियों ने क्षेत्रीय विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा के कार्यालय पहुंचकर उन्हें टीईटी परीक्षा निरस्त करने संबंधी ज्ञापन सौंपा। शिक्षकों का कहना है कि इस परीक्षा से जुड़ी वर्तमान प्रक्रिया और विसंगतियां शिक्षक संवर्ग के हितों के विरुद्ध हैं, जिनका निराकरण किया जाना अत्यंत आवश्यक है।

ज्ञापन सौंपने के दौरान संभागीय अध्यक्ष केके मालवीय और जिला अध्यक्ष मालक पटेल सहित संगठन के प्रमुख पदाधिकारी उपस्थित रहे। शिक्षकों ने विधायक को अवगत कराया कि पूरे प्रदेश में एक साथ इस मांग को लेकर प्रदर्शन किया जा रहा है ताकि शासन का ध्यान शिक्षकों की समस्याओं की ओर आकर्षित किया जा सके। विधायक डॉ. शर्मा ने शिक्षकों की मांगों को गंभीरता से सुनते हुए उनकी बात शासन के उचित पटल तक पहुंचाने का आश्वासन दिया है।

इस अवसर पर नवीन पटेल, कोमल सिंह कुर्मी, अशोक रत्नाकर, बलराम यादव, अतुल दुबे और सुखदेव वारसकर सहित कई शिक्षक प्रतिनिधि मौजूद रहे। संघ ने स्पष्ट किया है कि यदि उनकी मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार नहीं किया गया, तो वे अपने प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार आंदोलन को आगे बढ़ाने के लिए बाध्य होंगे।

# 'सावधान इंडिया' के अभिनेता राहुल चेलानी का मोबाइल झपटा, बोले- मुझसे भूल हुई, आप चूक न करें

- *लोगों को सतर्क करने वाले कलाकार खुद हुए शिकार, दी सबको सावधान रहने की सलाह*

**इटारसी, देशबन्धु।** 'सावधान इंडिया' और कई चर्चित फिल्मों व धारावाहिकों में अपनी अदाकारी से पहचान बनाने वाले इटारसी निवासी कलाकार 'राहुल चेलानी' के साथ भोपाल में एक सनसनीखेज वारदात घटित हुई। रानी कमलापति रेलवे स्टेशन के बाहर दो बाइक सवार लुटेरे उनका करीब डेढ़ लाख रुपये कीमत का मोबाइल छीनकर रफूचक्कर हो गए।

**कैसे हुई वारदात? :** राहुल चेलानी ने बताया कि वे बीते कल अपने भाई को एयरपोर्ट छोड़ने के लिए भोपाल गए थे। भाई को कार से आगे भेजकर वे होटल हयात के पास उतर गए और कुछ समय अपने मित्र के 'थाईलैंड एक्स-पो' में बिताया। शाम के समय कुछ खाने की मंशा से वे रानी कमलापति स्टेशन के पिलर नंबर 84 के पास खड़े थे। जैसे ही उन्होंने जेब से अपना मोबाइल निकाला, अचानक एक बाइक पर आए दो युवकों ने झपट्टा मारकर मोबाइल छीन लिया।

**लुटेरों का विवरण :** बाइक चालक हेलमेट पहने हुए था, जबकि पीछे बैठा युवक लगभग 25 वर्ष की आयु का था। वे काले कपड़े पहने थे। राहुल ने एक अन्य बाइक से उनका पीछा भी किया, लेकिन लुटेरे तेज रफ्तार के कारण गलियों में ओझल हो गए।



**पुलिस हुई सक्रिय, मोबाइल में है उपयोगी डेटा :** घटना के तुरंत बाद राहुल ने हबीबगंज पुलिस और वरिष्ठ अधिकारियों से संपर्क किया। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए सीसीटीवी फुटेज खंगाले हैं और आरोपियों की तलाश तेज कर दी है। राहुल के अनुसार, 'मोबाइल की कीमत डेढ़ लाख रुपये है, लेकिन उसमें मौजूद मेरा पेशेवर डेटा उससे कहीं अधिक कीमती है।' पुलिस ने भरोसा दिलाया है कि अगले दो दिनों में मोबाइल बरामद कर लिया जाएगा।

सावधान इंडिया जैसे शो में काम कर चुके राहुल चेलानी ने इस घटना को एक सबक की तरह साझा किया है। उन्होंने कहा, 'मैं खुद स्क्रीन पर लोगों को अपराधों के प्रति सावधान रहने की सीख देता आया हूं, लेकिन कल शाम मुझसे ही चूक हो गई। यह घटना साबित करती है कि अपराधी किसी भी क्षण और किसी के साथ भी वारदात कर सकते हैं।'

राहुल ने आमजन के लिए कुछ सावधानियां साझा की हैं। उनके अनुसार सार्वजनिक स्थानों, खासकर रेलवे स्टेशन या बस स्टैंड के बाहर मोबाइल निकालते समय अत्यधिक सतर्क रहें। सड़क किनारे फोन का उपयोग करते समय आस-पास के वाहनों की आवाजाही पर नजर रखें। कभी भी यह न सोचें कि आपके साथ ऐसा नहीं हो सकता, सावधानी ही एकमात्र बचाव है। इटारसी के प्रतिभाशाली कलाकार राहुल चेलानी वर्तमान में कई प्रोजेक्ट्स पर काम कर रहे हैं। उनके साथ हुई इस घटना ने राजधानी में मोबाइल स्नेचिंग की बढ़ती वारदातों पर एक बार फिर सवालिया निशान लगा दिया है।

# किसानों के हक में कांग्रेस का 'हल्ला बोल' आज, विशाल प्रदर्शन, कलेक्ट्रेट का घेराव



**इटारसी, देशबन्धु।** प्रदेश की भाजपा सरकार की कथित 'किसान विरोधी' नीतियों और गेहूं खरीदी में हो रही देरी के खिलाफ अब कांग्रेस ने आर-पार की लड़ाई का ऐलान कर दिया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी एवं किसान कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष 'धर्मेन्द्र चौहान के आह्वान पर 9 अप्रैल गुरुवार को जिला मुख्यालय पर एक विशाल धरना-प्रदर्शन और कलेक्टर कार्यालय का घेराव किया जाएगा।

**किसान बेहाल, सरकार मौन, कांग्रेस का सीधा हमला :** जिला कांग्रेस अध्यक्ष शिवाकांत गुड्डन पाण्डेय एवं जिला किसान कांग्रेस अध्यक्ष विजय बाबू चौधरी के नेतृत्व में आयोजित इस प्रदर्शन का मुख्य एजेंडा गेहूं खरीदी में हो रही लापरवाही है। कांग्रेस का आरोप है कि सरकार ने अब तक गेहूं की सुचारू खरीदी प्रारंभ नहीं की है, जिसके कारण आर्थिक तंगी से जूझ रहा किसान अपनी उपज को ओने-पौने दामों (कम कीमतों) पर बेचने को मजबूर है। किसान को अगली फसल की तैयारी के लिए नकदी की सख्त जरूरत है, लेकिन सरकार की सुस्ती उसकी कमर तोड़ रही है।

**पीपल चौक पर जुटेगा जनसैलाब :** जिला कांग्रेस प्रवक्ता अनिल रैकवार ने बताया कि इस आंदोलन की रूपरेखा तैयार कर ली गई है। 9 अप्रैल गुरुवार को दोपहर 12 बजे पीपल चौक, नर्मदापुरम में सभी एकत्र होंगे।

**पार्टी की पूरी ताकत झोंकने की तैयारी :** इस हल्ला बोल कार्यक्रम में जिले के सभी ब्लॉक अध्यक्ष, नगर अध्यक्ष, मोर्चा संगठनों के पदाधिकारी और विभाग/प्रकोष्ठों के कार्यकर्ताओं को अनिवार्य रूप से शामिल होने के निर्देश दिए गए हैं। पार्टी ने अधिक से अधिक किसानों की उपस्थिति सुनिश्चित करने का लक्ष्य रखा है ताकि सरकार तक किसानों की गर्जना पहुंचाई जा सके।

**कलेक्टर कार्यालय का होगा घेराव :** पीपल चौक पर विशाल सभा के बाद कांग्रेस कार्यकर्ता रैली के रूप में कलेक्टर कार्यालय की ओर कूच करेंगे। कांग्रेस का कहना है कि यदि सरकार ने तत्काल प्रभाव से किसानों की समस्याओं का निराकरण नहीं किया और गेहूं खरीदी की ठोस व्यवस्था नहीं की, तो यह आंदोलन और अधिक उग्र रूप लेगा। जिला कांग्रेस कमेटी ने समस्त किसानों और कांग्रेसजनों से अपील की है कि वे अपनी जायज मांगों के समर्थन में गुरुवार दोपहर 12 बजे पीपल चौक पहुंचकर इस लोकतांत्रिक संघर्ष को सफल बनाएं।

## राजस्थान से अपना घर छोड़कर भागीं दो किशोरियां बरामद, आरोपी भी गिरफ्तार

**इटारसी, देशबन्धु।** रेलवे सुरक्षा बल ने ऑपरेशन नन्हे फरिश्ते के तहत एक बड़ी कार्रवाई करते हुए राजस्थान के चुरू जिले से भागकर आई दो नाबालिग बालिकाओं को सकुशल बरामद किया है। इनके साथ एक 27 वर्षीय युवक को भी हिरासत में लिया गया है।



**क्या था मामला? :** 8 अप्रैल 2026 को राजस्थान के चुरू जिले के सरदार शहर थाना से सूचना मिली कि दो किशोरियां उम्र 15 वर्ष बिना बताए घर से भाग गई हैं और ट्रेन संख्या 07054 में सवार हैं। राजस्थान पुलिस ने बालिकाओं के फोटो आरपीएफ इटारसी को भेजकर मदद मांगी थी।

**इटारसी स्टेशन पर घेराबंदी :** सूचना मिलते ही आरपीएफ निरीक्षक के निर्देश पर टीम सक्रिय हुई। जैसे ही ट्रेन इटारसी स्टेशन पहुंची, महिला प्रधान आरक्षक रानू विश्वकर्मा, आरक्षक अशोक बारीवे और जाकिर खान ने कोच एस/3 में सर्च ऑपरेशन चलाया। प्राप्त फोटो के आधार पर दोनों बालिकाओं और उनके साथ मौजूद एक पुरुष साथी की पहचान कर ली गई।

**दोस्त से मिलने जा रही थीं काचेगुड़ा :** पूछताछ में बालिकाओं निवासी हरिसार, चुरू ने बताया कि वे अपने एक दोस्त से मिलने काचेगुड़ा जा रही थीं। उनके साथ पकड़े गए युवक की पहचान सलीम 27 वर्ष, निवासी बीकानेर के रूप में हुई है।

**परिजनों और पुलिस के सुपुर्द :** मामले की गंभीरता को देखते हुए आरपीएफ ने तीनों को उतारकर पोस्ट पर रखा। देर शाम सरदार शहर थाने के सउनि महेन्द्र कुमार, पुलिस टीम और बालिकाओं के परिजन चाचा व दादा इटारसी पहुंचे।

आवश्यक दस्तावेजी कार्रवाई और पहचान की पुष्टि के बाद, सउनि प्रकाश बिल्लौरे ने दोनों बालिकाओं और आरोपी युवक को राजस्थान पुलिस के सुपुर्द कर दिया।

## ट्रेन की चपेट में आने से युवक गंभीर, 108 कर्मियों की सतर्कता से बची जान

**इटारसी, देशबन्धु।** शहर के हनुमान धाम मंदिर के समीप रेलवे लाइन पर मंगलवार शाम एक दर्दनाक हादसा सामने आया। एक 35 वर्षीय युवक तेज रफ्तार ट्रेन की चपेट में आ गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। 108 एम्बुलेंस कर्मियों की त्वरित सक्रियता के चलते घायल को समय रहते अस्पताल पहुंचाया गया, जिससे उसकी जान बच सकी।



जानकारी के अनुसार, घटना में पोटर खोली निवासी मलखान यादव 35 वर्ष हनुमान धाम मंदिर के आगे रेलवे ट्रैक पर ट्रेन की चपेट में आ गए। टक्कर इतनी जोरदार थी कि युवक गंभीर रूप से घायल होकर पटरी के किनारे जा गिरा।

हादसे की सूचना मिलते ही 108 एम्बुलेंस सेवा के पायलट प्रदीप सोनी और ईएमटी विश्राम अहिरवार तत्काल मौके पर पहुंचे। युवक की गंभीर स्थिति को देखते हुए एम्बुलेंस कर्मियों ने बिना समय गंवाए मौके पर ही प्राथमिक उपचार शुरू किया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, एम्बुलेंस टीम की सूझबूझ और गोल्डन ऑवर में की गई त्वरित कार्रवाई घायल के लिए जीवनदान साबित हुई।

एम्बुलेंस कर्मियों द्वारा घायल मलखान यादव को तुरंत शहर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। अस्पताल प्रबंधन के अनुसार, युवक को मल्टीपल इंजरी आई हैं और डॉक्टरों की एक विशेष टीम उनकी स्थिति पर लगातार निगरानी रख रही है। फिलहाल घायल का उपचार जारी है।

## वरिष्ठ नागरिक मंच की अनूठी पहल, वयोवृद्ध सदस्यों के घर पहुंचे, 93 वर्षीय दादा ने गीत गाकर बांधा समां

**इटारसी, देशबन्धु।** वरिष्ठ नागरिक मंच की नवीन कार्यकारिणी ने अपने कार्यकाल का शुभारंभ एक अत्यंत सराहनीय और भावुक पहल के साथ किया है। मंच के नवनियुक्त अध्यक्ष सुशील शर्मा एवं पदाधिकारियों ने निर्णय लिया है कि वे अपने कार्यकाल की शुरुआत मंच के अति-वरिष्ठ (वयोवृद्ध) सदस्यों के आवास पर जाकर, उनका हाल-चाल जानकर और उनका आशीर्वाद लेकर करेंगे।



**93 वर्षीय आरएस बैस के घर पहुंची टीम :** इसी अभियान के क्रम में मंच के सदस्य मालवीय गंज निवासी सेवानिवृत्त रेल अधिकारी एवं प्रसिद्ध गायक आरएस बैस 93 वर्ष और उनकी धर्मपत्नी रेवा बैस 90 वर्ष के निवास पर पहुंचे। यहां पदाधिकारियों ने बैस दंपति का शाल-श्रीफल भेंट कर और पुष्पहार पहनाकर आत्मीय स्वागत किया।

**मधुर गीतों से भाव-विभोर हुए सदस्य :** 93 वर्ष की आयु में भी कला के प्रति आरएस बैस का उत्साह कम नहीं हुआ है। उन्होंने सदस्यों के आग्रह पर अपने लिए जिए तो क्या जिए, ऐ दिल तू जी जमाने के लिए गीत की बेहद मधुर प्रस्तुति दी। उनके सधे हुए सुरों और गायकी ने वहां मौजूद सभी सदस्यों को भाव-विभोर कर दिया और पूरा कमरा तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा।

बैस के ज्येष्ठ पुत्र अमिताभ बैस ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि मंच के सदस्यों की उपस्थिति से उनके माता-पिता अत्यंत प्रसन्न और ऊर्जावान महसूस कर रहे हैं। उन्होंने सदस्यों से समय-समय पर इसी तरह आने का आग्रह भी किया।

इस गरिमामय भेंट के दौरान मंच के अध्यक्ष सुशील शर्मा, उपाध्यक्ष चंद्र प्रभा ठाकुर, सचिव सुरेश रघुवंशी सहित डॉ. विनोद सीरिया, डॉ. केएस उप्पल, डॉ. केसी साहू, सुधीर गोठी, अशोक सक्सेना, राजकुमार दुबे, विजय मंडलोई, सुषमा परमहंस और सुनील बाजपेई मुख्य रूप से उपस्थित रहे। विदित हो कि नवीन कार्यकारिणी ने कुछ दिन पूर्व गांधीनगर निवासी वयोवृद्ध सदस्य एपी मेहतो 91 वर्ष के आवास पहुंचकर भी उनका अभिनंदन किया था। मंच का यह आशीर्वाद अभियान जारी रहेगा।

### 85 दुकानदार एक बाद भी मूलभूत सुविधाओं से वंचित

**बैतूल।** कोठी बाजार स्थित अभिनंदन सरोवर के पीछे विस्थापित किए गए 85 दुकानदारों की समस्याएं एक वर्ष बाद भी जस की तस बनी हुई हैं। नगर पालिका द्वारा किए गए इस विस्थापन के बाद नए स्थान पर अब तक मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध नहीं कराई जा सकी हैं, जिससे व्यापारियों में नाराजगी लगातार बढ़ रही है।विस्थापित दुकानदारों के अनुसार उन्हें जिस स्थान पर बसाया गया है वहां न तो पक्की सड़क की व्यवस्था है, न ही नाली बनी है और बिजली की सुविधा भी नहीं है। दुकानदारों ने प्रशासन से मांग की है।

## नगर कांग्रेस अध्यक्ष ने पूछा- जो काम नए ठेकेदार ने किया, वह प्रशासन क्यों नहीं कर पाया..?

**इटारसी, देशबन्धु।** शहर में शराब के नए ठेके होने के बाद अवैध शराब की बिक्री और होम डिलीवरी में आई कमी ने अब एक नई राजनीतिक चर्चा को जन्म दे दिया है। नगर कांग्रेस अध्यक्ष कन्हैया गोस्वामी ने इस मुद्दे पर प्रशासन की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं।

**व्यवस्था पर सीधा सवाल :** कन्हैया गोस्वामी ने जारी बयान में कहा कि जब से शहर में शराब के नए ठेकेदार ने कमान संभाली है, तब से अवैध और नकली शराब का गोरखधंधा लगभग सिमट गया है। उन्होंने प्रशासन को कटघरे में खड़ा करते हुए पूछा, जो बदलाव नए ठेकेदार के आने के बाद कुछ ही दिनों में दिख रहा है, क्या वही कार्य पुलिस और आबकारी विभाग पहले नहीं कर सकता था? गोस्वामी के अनुसार, लंबे समय से शहर में अवैध शराब का कारोबार खुलेआम चल रहा था, लेकिन संबंधित विभागों ने कभी ठोस कार्रवाई की जहमत नहीं उठाई।

कांग्रेस अध्यक्ष ने राहत जताई कि पहले बड़ी संख्या में शहर के युवा अवैध शराब की होम डिलीवरी के जाल में फंसे हुए थे, जो अब इस दलदल से मुक्त होते दिखाई दे रहे हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि युवाओं के भविष्य के साथ किसी भी प्रकार का खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

गोस्वामी ने भविष्य की स्थिति पर आशंका जताते हुए चेतावनी दी है कि क्या इटारसी भविष्य में भी अवैध शराब से मुक्त बना रहेगा? यदि यह धंधा दोबारा पुराने स्वरूप में शुरू हुआ, तो इसके लिए शराब ठेकेदार, पुलिस प्रशासन और आबकारी विभाग सीधे तौर पर जिम्मेदार होंगे। दोबारा अवैध शराब की खबरें आने पर कांग्रेस पार्टी जनहित में सड़कों पर उतरकर उग्र आंदोलन करेगी।

### टीईटी परीक्षा निरस्त करने की मांग को लेकर शिक्षकों ने किया उग्र प्रदर्शन

**बैतूल।** अध्यापक संयुक्त मोर्चा मध्य प्रदेश भोपाल के प्रदेशव्यापी आव्हान पर 8 अप्रैल को बैतूल में शिक्षकों ने बड़ा प्रदर्शन करते हुए जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा और शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) को निरस्त करने की मांग उठाई। सीधे मुद्दे पर उतरे शिक्षकों ने स्पष्ट किया कि सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के बाद राज्य शासन मध्य प्रदेश द्वारा आयोजित की जा रही टीईटी परीक्षा का संयुक्त मोर्चा पुरजोर विरोध करता है और इसे तत्काल निरस्त किया जाना चाहिए। शिवाजी ऑडिटोरियम में हजारों शिक्षक एकत्रित हुए, जहां आंदोलन की रणनीति के साथ विरोध का स्वर तेज हुआ। यहां से विशाल रैली निकालकर शिक्षक कलेक्टर कार्यालय पहुंचे ।

# मुखर्जी अस्पताल को मिली संजीवनी, अधीक्षक डॉ. कुमरे ने कार्यभार संभाला, बोलीं- अच्छा ही करेंगे

*__इटारसी, देशबन्धु।__ शहर के शासकीय डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी चिकित्सालय में प्रशासनिक फेरबदल हुआ है। अस्पताल की वरिष्ठ स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. कमलेश कुमरे ने विधिवत रूप से चिकित्सालय अधीक्षक का पदभार ग्रहण कर लिया है। एक गरिमामय कार्यक्रम के दौरान निवर्तमान अधीक्षक डॉ. आरके चौधरी ने उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट कर कार्यभार सौंपा और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।*

*__स्वास्थ्य कारणों से डॉ. चौधरी ने दी थी पदमुक्ति की अजी :__ इस बदलाव की पृष्ठभूमि में निवर्तमान अधीक्षक डॉ. आरके चौधरी की स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं रही हैं। डॉ. चौधरी लंबे समय से स्वास्थ्य संबंधी समस्या से जूझ रहे हैं। उन्होंने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी नर्मदापुरम को पत्र लिखकर निवेदन किया था कि वे अपनी मूल जिम्मेदारी शिशु रोग विशेषज्ञ का निर्वहन करना चाहते हैं ताकि प्रशासनिक तनाव कम हो और उनकी बीमारी और न बढ़े। अप्रैल 2021 से इस पद पर रहे डॉ. चौधरी के अनुरोध को स्वीकार करते हुए यह नई नियुक्ति की गई है।*



*__स्वागत समारोह में जुटे शहर के गणमान्य :__ पदभार ग्रहण समारोह के दौरान अस्पताल परिसर में उत्साह का माहौल रहा। डॉ. कुमरे का स्वागत करने के लिए विधायक प्रतिनिधि भारत वर्मा, समाजसेवी संजय मिहानी सहित अस्पताल के समस्त चिकित्सक और स्टाफ मौजूद रहा।*

### प्राथमिकता : सबके लिए बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं हों

*नवनियुक्त अधीक्षक डॉ. कमलेश कुमरे ने कहा कि उनकी प्राथमिकता अस्पताल में आने वाले मरीजों को सुलभ और बेहतर इलाज उपलब्ध कराना है। साथ ही, वे अस्पताल की व्यवस्थाओं को और अधिक सुदृढ़ करने की दिशा में टीम भावना के साथ कार्य करेंगे। डॉ. आरके चौधरी अब अपनी सेवाएं पुनः पूर्णकालिक शिशु रोग विशेषज्ञ के रूप में देंगे, जिससे अस्पताल के बाल्य विभाग को उनके अनुभवों का लाभ मिलता रहेगा।*

*__सराहना:__ नयी अधीक्षक ने निवृतमान अधीक्षक डॉ. आरके चौधरी के कार्यकाल की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने बेहद अच्छे तरीके से सब संभाला हुआ है, उनके कार्यों को आगे बढ़ाएंगे। डॉक्टर्स की कमी के सवाल पर उन्होंने कहा कि कुछ डॉक्टर्स ज्वाइन करने वाले हैं, उम्मीद है, उनके ज्वाइन करते ही समस्याएं कम हो जाएंगी।*

देशबन्धु

नर्मदापुरम, गुरूवार 9 अप्रैल 2026

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

# मोदी सरकार की विदेश नीति की बड़ी नाकामी

7 और 8 अप्रैल की आधी रात को जब भारत के लोग सो रहे थे, उस समय वैश्विक व्यवस्था में बदलाव की एक बड़ी करवट ली जा चुकी थी। 28 फरवरी को ईरान पर अमेरिका और इजरायल के छेड़े गए युद्ध को अब अगले दो सप्ताह तक रोकने के लिए ईरान और अमेरिका के बीच सहमति बन गई है। खास बात यह है कि युद्धविराम का यह ऐलान उस समय हुआ जब ट्रंप की तरफ से दी गई समयबद्ध चेतावनी की सीमा खत्म होने में दो घंटे ही बचे थे। ईरान के समयानुसार बुधवार सुबह तीन बजे तक का वक्त डोनाल्ड ट्रंप ने दिया था कि ईरान उनकी बात मान ले, वर्ना वे ईरान के बिजलीघरों, पुलों और सड़कों पर भारी बमबारी करवाएंगे। ट्रंप ने सीधे-सीधे ईरान को तबाह करने की चेतावनी दी थी। ईरान के लोगों ने भी हिम्मत दिखाते हुए बिजलीघरों और पुलों के सामने मानवश्रृंखला बना ली थी कि वे ऐसे किसी भी बड़े हमले में कुर्बानी के लिए तैयार हैं, लेकिन समझौता करने के लिए नहीं। लेकिन 1 बजे के करीब युद्धविराम का ऐलान हो गया।

इस बड़ी घटना को कालानुक्रम में देखिए- 7 और 8 अप्रैल की रात 12:46 बजे पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने ट्रंप और ईरान से 2 हफ्ते के लिए युद्धविराम अनुरोध एक पोस्ट पर किया।

बुधवार सुबह 4:02 बजे ट्रंप ने पोस्ट किया कि - 'पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और फील्ड मार्शल असीम मुनीर के साथ बातचीत के बाद मैं आज रात ईरान पर हमला रोक रहा हूं। ईरान होर्मुज जलडमरूमध्य मार्ग को खोलने को तैयार हो गया है।

4:41 को ईरान के विदेश मंत्री ने पोस्ट किया कि- इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ ईरान की ओर से, मैं क्षेत्र में युद्ध को समाप्त करने के अथक प्रयासों के लिए अपने प्रिय भाइयों महामहिम पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शरीफ और महामहिम फील्ड मार्शल मुनीर के प्रति आभार और सराहना व्यक्त करता हूं। मैं ईरान की सर्वोच्च राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद की ओर से घोषणा करता हूं: यदि ईरान के खिलाफ हमले रोक दिए जाते हैं, तो हमारी शक्तिशाली सशस्त्र सेनाएं अपने रक्षात्मक अभियान बंद कर देंगी।

5:20 बजे शाहबाज शरीफ ने पोस्ट में लिखा अत्यंत विनम्रता के साथ, मुझे यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि ईरान और अमेरिका तत्काल प्रभाव से युद्धविराम पर सहमत हो गए हैं। मैं इस बुद्धिमान पहल का हार्दिक स्वागत करता हूं और दोनों देशों के नेतृत्व के प्रति गहरी कृतज्ञता व्यक्त करता हूं। अब बातचीत के आधार पर एक निर्णायक समझौते के लिए शुक्रवार, 10 अप्रैल 2026 को दोनों देश के प्रतिनिधिमंडलों को इस्लामाबाद में आमंत्रित करता हूं।

अब शुक्रवार को यह दो हफ्तों का युद्धविराम स्थायी युद्धविराम में बदलेगा या फिर नए सिरे से हमलों की शुरुआत होगी, फिलहाल कहा नहीं जा सकता। लेकिन अभी जो 15 दिनों की शांति की बात हुई है, उसमें भी दुनिया ने राहत की सांस ली है, क्योंकि इस जंग की तपिश में पूरी दुनिया झुलस रही थी। ईरान की तरफ से दिए गए 10 बिंदुओं के प्रस्ताव पर ही ट्रंप चर्चा के लिए तैयार हो गए हैं, यह भी ईरान के लिए बड़ी जीत के संकेत हैं। क्योंकि उसने अपने बड़े नेताओं को खोने के बावजूद आखिरी तक हथियार डालने से मना कर दिया। इस युद्धविराम प्रक्रिया में पाकिस्तान के साथ सऊदी अरब, तुर्किए और मिस्र भी लगे थे, लेकिन ईरान इन पर भरोसा नहीं कर पा रहा था। जिसके बाद चीन का आश्वासन आया और ईरान ने सहमति जताई। खुद ट्रंप ने कहा है कि चीन ने ईरान को बातचीत की मेज पर लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई हो सकती है।

इस पूरे घटनाक्रम को देखें तो समझ आता है कि जब दुनिया नयी व्यवस्था की तरफ बढ़ रही थी, भारत हिंदू-मुस्लिम के नशे में धुत्त था। ईरान पाकिस्तान को शुक्रिया कह रहा है, अमेरिका कह रहा है कि पाकिस्तान से चर्चा के बाद युद्ध रोका और पाकिस्तान ईरान और अमेरिका को धन्यवाद दे रहा है, इसमें कहीं भी भारत का नामोनिशान नहीं है, क्योंकि हमारी सरकार की प्राथमिकताएं बदल गई हैं। नरेन्द्र मोदी को बिना कुछ किए विश्वगुरु बनने का शौक है। उन्हें और उनके सलाहकारों को लगता है कि नेहरू-इंदिरा को कोसेंगे तो मोदी का कद ऊंचा हो जाएगा। वैश्विक नेताओं से जबरन गले मिलेंगे, फिजूल हँसी-ठट्टा करेंगे तो दुनिया में रुतबा बढ़ेगा। लेकिन कोरी लफ्फाज़ी और काम करने में क्या अंतर है, अब नजर आ रहा है। इस युद्धविराम से अमेरिका के अकेले महाशक्ति होने के दावे को बड़ा झटका लगा है, और इससे पहले युद्ध के दौरान जिस तरह यूरोप के कई देशों ने अमेरिका की हरकतों पर सवाल उठाए, उससे भी जाहिर हुआ कि अब अमेरिका की हर बात में हां में हां मिलाने के दिन चले गए हैं। दुनिया के कई देश अब अमेरिका के पिछलग्गू होने की जगह उसे साझीदार की तरह देख रहे हैं। अब पाकिस्तान भी कह सकता है कि अमेरिका ने उसकी बात सुनी। लेकिन भारत में मोदी सरकार ऐसा नहीं कह पाएगी। क्योंकि मोदी अब भी ट्रंप और नेतन्याहू के सामने दबे दिख रहे हैं।

जिस पाकिस्तान को मनमोहन सिंह सरकार ने आतंकवादी देश के तौर पर स्थापित कर दिया था वह मोदी सरकार की अक्षम विदेश नीति के कारण अंतरराष्ट्रीय महत्व हासिल कर रहा है और यहां मोदी समर्थक यही बता रहे हैं कि इस युद्ध से हमारा लेना-देना ही नहीं था तो हम बीच में क्यों पड़ें। हालांकि इस युद्ध के कारण ही देश में ऊर्जा संकट आया, महंगाई बढ़ी तो इससे कैसे हमारा लेना-देना नहीं था। इससे पहले भी जब पाकिस्तान की मध्यस्थता की बात आई थी तो एस जयशंकर ने इसे दलाली जैसा निकृष्ट काम बताया था, लगे हाथ विदेश मंत्री यह भी बता दें कि जब ट्रंप ने ऑपरेशन सिंदूर रुकवाने का दावा किया था, तो क्या ट्रंप ने तब दलाली की थी?

बहरहाल, अब अंतरराष्ट्रीय नक्शे में पाकिस्तान ने भारत से थोड़ी बढ़त बढ़ा ली है, ये हमारे लिए चिंता की बात होनी चाहिए और उसके साथ चीन का नाम भी युद्धविराम में आ रहा है, यह भी विचारणीय है। याद कीजिए कि राहुल गांधी ने पहले ही चेतावनी दी थी कि मोदी सरकार की विफल नीति के कारण पाकिस्तान और चीन एक साथ आएंगे और यह भारत के लिए बड़ा खतरा बन जाएंगे। अब राहुल की बात फिर सही साबित हो रही है। एक बड़ा डर भारत के सामने खड़ा हो गया है कि पाकिस्तान कश्मीर मुद्दे को अब अंतरराष्ट्रीय पटल पर ले जाने की पुरजोर कोशिश करेगा। जबकि अब तक हमारी मजबूत नीति के कारण उसे इसमें सफलता नहीं मिली थी। लेकिन मोदी शायद इसे भी मुमकिन कर दिखाएं। उनके समर्थक अब गंभीरता से विचार करें कि क्या ऐसे ही दिनों के लिए इन्हें सत्ता सौंपी थी?

# ईरान का अद्भूत जज्बा दुनिया के लिए मिसाल

**दुनियादारी**

■ सर्वमित्रा सुरजन

टाइटैनिक फिल्म का एक अद्भुत दृश्य है, जब जहाज टुकड़े-टुकड़े होकर डूबता है, अमीरों में आपाधापी मची रहती है कि बचाने वाली नावों पर वे किसी भी तरह सवार हो जाएं, नीचे गरीबों के निकलने के रास्ते पर दरवाजा बंद करके ताला लगा दिया जाता है, क्योंकि उनकी जान की कीमत नहीं समझी जाती, पूरे जहाज में चीख-पुकार मची रहती है और इस बीच संगीतकारों के दल के सदस्य अपने वाद्य लेकर जाते-जाते ठहरते हैं और एक आखिरी बार अपने संगीत की प्रस्तुति देते हैं। मौत के बीच वे जिंदगी, जिंदादिली और जिजीविषा की अद्भुत संगीत रचना पेश करते हैं।

बीते दिनों ईरान के सुप्रसिद्ध संगीतकार अली ग़मसारी जब इसी तरह तेहरान में दमावंद बिजली संयंत्र के सामने पहुंचे और उन्हें देखकर कई और कलाकार भी इसी तरह अपने वाद्ययंत्रों के साथ प्रस्तुति देने बाहर आए, तो टाइटैनिक के उस दृश्य की ही याद आ गई। ग़मसारी के कई वीडियो सोशल मीडिया पर देखे जा सकते हैं, उन्होंने तेहरान के दमावंद बिजली संयंत्र में अपने वाद्य यंत्रों के साथ पहुंचकर बम के धमाके के जवाब के लिए संगीत के सुरों को चुना। बिजली संयंत्र के सामने दरी बिछाकर अपने वाद्य 'तार' के साथ ग़मसारी बैठे और दो दिनों तक बजाते रहे। उनके इस फैसले के पीछे डोनाल्ड ट्रंप की वह धमकी थी, जिसमें वे ईरान की पूरी सभ्यता को खत्म करने का ऐलान कर रहे थे।

गौरतलब है कि 28 फरवरी के बाद ट्रंप ने कई बार ईरान को कई तरह की धमकियां दीं, लेकिन बीते दिनों उनकी दो धमकियां चर्चा में रहीं। पहले तो उन्होंने ईरान की सैन्य ताकत खत्म करने के दावे के साथ ईरान को पाषाण युग में वापस भेजने की धमकी दी, इसके बाद एक और धमकी देकर मंगलवार रात आठ बजे तक का वक्त दिया कि इसके बाद वे ईरान के बिजली संयंत्रों, पुलों और सड़कों पर ऐसे हमले करेंगे जिससे एक पूरी सभ्यता नष्ट हो जाएगी। ईरान को धमकाने के लिए ट्रंप ने अपशब्दों का इस्तेमाल भी किया, जिसने उनका असली चेहरा दुनिया के सामने खोल कर रख दिया। हालांकि जो लोग ईरान को एक पिछड़ा, अशिक्षित, दकियानूसी, कट्टरपंथी, धर्मान्ध देश मानने की भूल करते थे, क्योंकि अमेरिका ने उनके सामने ईरान की ऐसी ही तस्वीर पेश की थी। उन्हें भी नजर आ गया कि असल में ईरान क्या है। अली ग़मसारी जैसे सैकड़ों-हजारों-लाखों-करोड़ों लोगों ने दुनिया को ईरान के एक ऐसे जुझारू पक्ष को दिखा दिया, जो आज के वक्त में दुर्लभ गुण हो चुका है। प्रसंगवश बता दूं कि युद्ध में अपने देश की सेवा के लिए दुनिया भर से ईरानी जनता वतन वापस लौट गई। अमेरिका, कनाडा, ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी, जापान, चीन जैसे तमाम विकसित देशों में आराम का जीवन बिताने का मौका इन अप्रवासी ईरानियों के पास था, लेकिन अपनी सुरक्षा और आराम से पहले इनके लिए देश की रक्षा है, जिसकी खातिर वे लौट आए। जबकि अमूमन यही होता है कि जब किसी देश पर हमला हो या किसी किस्म का संकट आए, तो बाहर बैठे उसके नागरिक खैर मनाते हैं कि अच्छा है हम वहां नहीं हैं। भारत के भी लाखों लोग विदेशों में बसे हैं, जिनके लिए देशप्रेम का मतलब विदेशी धरती पर अपने त्योहार मनाना, अपने सनातनी संस्कारों को पेश करना ही है। भारत वापस आकर ये कभी यहां के प्रदूषण पर नाक-भौं सिकोड़ेंगे, तो कभी यातायात व्यवस्था की हंसी उड़ाएंगे या फिर विदेश में बैठकर देश के लोगों को देशभक्ति का ज्ञान देंगे। ऐसे में ईरान के लोगों का जज़्बा किसी अजूबे से कम नहीं है।

> बहरहाल बात ईरान के लोगों की हिम्मत और अनूठी रचनात्मकता की हो रही है। संगीतकार अली ग़मसारी ने दमावंद बिजली संयंत्र के सामने बैठकर संगीत के तार छेड़े, ताकि ईरान की अधोसंरचना पर होने वाले हमलों को रोकने में मदद मिल सके। वहीं ईरान के प्रसिद्ध गायक अली ज़ंदवाकिली ने बुनियादी ढांचे की रक्षा के लिए रेलवे लाइन के किनारे गीत गाए। इधर ईरान के शरीफ विश्वविद्यालय को अमेरिका ने मिसाइल से तबाह किया।

बहरहाल बात ईरान के लोगों की हिम्मत और अनूठी रचनात्मकता की हो रही है। संगीतकार अली ग़मसारी ने दमावंद बिजली संयंत्र के सामने बैठकर संगीत के तार छेड़े, ताकि ईरान की अधोसंरचना पर होने वाले हमलों को रोकने में मदद मिल सके। वहीं ईरान के प्रसिद्ध गायक अली ज़ंदवाकिली ने बुनियादी ढांचे की रक्षा के लिए रेलवे लाइन के किनारे गीत गाए। इधर ईरान के शरीफ विश्वविद्यालय को अमेरिका ने मिसाइल से तबाह किया तो अगले ही दिन गणित के एक प्रोफेसर ने राख और मलबे के बीच बैठकर ही ऑनलाइन क्लास ली, जबकि एक और प्रोफेसर डॉ. मसूद शादनाम ने कहा कि ये हमले ईरान में वैज्ञानिक प्रगति को प्रभावित नहीं कर सकते, क्योंकि इमारतें दोबारा बनाई जा सकती हैं, लेकिन बुद्धि को निशाने पर नहीं लिया जा सकता और विज्ञान के क्षेत्र में काम करने वाले प्रतिभाशाली लोग यहीं रहते हैं। अमेरिका की ईरान को पूरी तरह तबाह करने की धमकी के बीच युवा और खेल मामलों के उपमंत्री अलीरेजा रहीमी ने एक चैनल पर आकर अपने देशवासियों से अपील की कि हम मानवश्रृंखला बनाकर इन धमकियों का जवाब दें, उन्होंने कहा कि, 'बिजली संयंत्र जो हमारी राष्ट्रीय संपत्ति और पूंजी हैं, चाहे किसी भी पसंद या राजनीतिक नजरिए से देखें, वे ईरान और ईरानी युवाओं के भविष्य के हैं। हम सब हाथों में हाथ डालकर यह कहेंगे कि सार्वजनिक ढांचे पर हमला करना युद्ध अपराध है।' मंत्री की इस अपील पर देश के युवा, छात्र, खिलाड़ी, कलाकार, शिक्षक सब हाथों में हाथ डालकर मानवश्रृंखला बनाकर खड़े हो गए।

हम होंगे कामयाब की पंक्तियां याद आ गईं- हम चलेंगे साथ-साथ, डाल हाथों में हाथ, हम चलेंगे साथ-साथ एक दिन, मन में है विश्वास, पूरा है विश्वास, हम होंगे कामयाब एक दिन। ईरान वाकई ऐसे ही कामयाबी की राह पर आगे बढ़ा। तभी तो ट्रंप को सभ्यता खत्म करने की धमकी के बाद यह कहने पर मजबूर होना पड़ा कि हम दो हफ्ते के युद्धविराम के लिए तैयार हैं, हम आगे चर्चा के लिए तैयार हैं, हम ईरान में पुनर्निर्माण के लिए मुआवजा देंगे। दरअसल ईरान को यह कामयाबी, यह नायकत्व अपने नेतृत्व और जनता की अटूट देशभक्ति के जज्बे से हासिल हुआ है। मंगलवार को जब सब कुछ खत्म करने की चेतावनी अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दी थी, तो उसके जवाब में उनके समकक्ष ईरान के राष्ट्रपति डॉ.मसूद पेजेशिकयान ने कहा था कि 1.4 करोड़ से अधिक ईरानी लोगों ने देश रक्षा में शहादत के लिए तैयार रहने का इरादा जताया है। मैं भी ईरान के लिए अपनी जान देने के लिए पहले भी तैयार था, अब भी हूं और आगे भी रहूंगा। अब दुनिया देख रही है कि जिस देश का राष्ट्रपति खुद कहे कि मैं शहीद होने के लिए तैयार हूं, और जिस देश के सर्वोच्च नेता ने पहले अपनी शहादत दे दी, क्या उस ईरान को अमेरिका और इजरायल कभी हरा पाएंगे।

याद रहे कि दिवंगत अयातुल्लाह अली खामेनेई के पास मौका था कि वे युद्ध शुरु होते ही किसी बंकर में जाकर रहते ताकि उनकी जान बचे और वे अपने देश का प्रतिनिधित्व कर सकें। उनके सलाहकारों ने उनसे यही गुजारिश भी की थी। खामेनेई के करीबी रहे अब्दुल माजिद हकीम इलाही ने बताया था कि खामेनेई ने अपने सुरक्षा अधिकारियों से कहा कि अगर वे ईरान के 9 करोड़ लोगों के लिए सुरक्षित शेल्टर का इंतजाम कर सकते हैं, तभी वे अपना घर छोड़कर कहीं और जाएंगे। उनके साथ उनके परिवार वालों ने भी किसी खास सुरक्षा प्रावधान से इंकार कर दिया और 28 फरवरी को अमेरिका-इजरायल के हमले में इन सभी ने अपनी शहादत दी। खामेनेई का कहना था कि एक नेता को हमेशा अपनी जनता और गरीबों के बराबर ही रहना चाहिए। अगर कोई नेता अपने लिए अलग और खास जीवन जीने लगे, तो वह देश का नेतृत्व करने के लायक नहीं रहता।

अयातुल्लाह अली खामेनेई के बाद सुरक्षा परिषद के प्रमुख अली लारीजानी भी इसी तरह हमले में मारे गए। और जब तक वे जिंदा थे, उन्हें कई बार ईरान की सड़कों पर आम जनता के साथ, आम जनता के बीच देखे गये। अब राष्ट्रपति डॉ.पेजेशिकयान ने भी शहादत का यही जज्बा दिखाया है। डोनाल्ड ट्रंप से पूछा जाना चाहिए कि क्या असभ्य, खतरनाक और आतंक फैलाने वाले लोग ऐसे होते हैं, क्योंकि ईरान को वे दुनिया की सबसे खतरनाक कौम कहते हैं। ईरान ने साहस और देशभक्ति की नयी मिसाल ही नहीं पेश की, बल्कि इंसानियत और भाईचारा भी दिखाया है। ईरान के दुनिया भर में बने दूतावासों से रोजाना ही ट्रंप और इस युद्ध को लेकर पोस्ट हो रहे हैं, जिनमें कभी तंज होते हैं, कभी मार्मिक संदेश होते हैं। किसी पोस्ट में मीनाब शहर की मृत बच्चियों के साथ जेफ्री एपस्टीन के द्वीपों में यौनशोषण का शिकार बच्चियों को ईरान एक साथ रखकर ट्रंप और नेतन्याहू को उनका दोषी करार दे रहा है, तो किसी में दिवंगत खामेनेई के साथ स्वर्ग में इन बच्चियों को दिखा रहा है। कहीं ट्रंप की पाषाण युग में भेजने वाली धमकी पर उलाहना है। लेकिन इन सबके साथ अमेरिकी जनता को कई बार ये संदेश ईरान ने दिया है कि हमारी दुश्मनी आपसे नहीं है, हम आपका नुकसान नहीं चाहते, लेकिन ट्रंप और नेतन्याहू आपके जीवन को खतरे में डाल रहे हैं।

युद्ध में दुश्मन देश की जनता के लिए भी चिंता होना क्या पाषाण युग के लक्षण हैं या इंसानियत दिखाने की पराकाष्ठा है, ये दुनिया को तय करना है।

# न्यायपालिका में ए. आई. के उपयोग की संभावनाएं

सर्वप्रथम मैं ख्याति प्राप्त कवि एवं चिंतक डॉ. शिवमंगल सिंह 'सुमन' की पंक्तियों से अपनी बात प्रारंभ करना चाहूंगा—

क्या हार में क्या जीत में,<br>
किंचित नहीं भयभीत मैं,<br>
संघर्ष पथ पर जो मिले यह भी<br>
सही वह भी सही,<br>
वरदान मांगूंगा नहीं।

विषय आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (ए. आई. ) अर्थात कृत्रिम बुद्धिमत्ता और उसके न्यायपालिका में उपयोग से संबंधित है, जो जितना आधुनिक है उतना ही महत्वपूर्ण भी है। इसलिए इसके मूल स्वरूप को संक्षेप में समझना आवश्यक है, ताकि आगे हम न्यायपालिका में इसके प्रयोग को बेहतर ढंग से समझ सकें।

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (ए. आई. ) का विकास अनेक वैज्ञानिकों के योगदान से हुआ। समय के साथ यह तकनीक मशीन लर्निंग और डीप लर्निंग के रूप में विकसित होकर ऐसी स्थिति में पहुंच गई है, जहां यह डाटा, एल्गोरिदम और कंप्यूटिंग शक्ति के आधार पर स्वयं सीखकर निर्णय लेने में सक्षम हो गई है। सरल शब्दों में कहें तो ए.आई. मनुष्य के व्यवहार को समझकर कार्य करने वाली एक बुद्धिमान प्रणाली है, जो जटिल समस्याओं का समाधान तेजी और सटीकता के साथ कर सकती है।



ज. अनिल कुमार शुक्ला

> भारत के संदर्भ में अभी कई चुनौतियां विद्यमान हैं, जिनमें न्यायिक प्रक्रियाओं में औपचारिक ढांचे का अभाव, अत्यधिक निर्भरता का जोखिम और ए.आई.के प्रशिक्षण की कमी प्रमुख हैं। यदि सावधानीपूर्वक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग न्यायालयीन कार्यों में किया जाए, विशेषकर उन मामलों में जो डाटा आधारित हैं, जैसे संपत्ति विवाद, मोटर दुर्घटना दावे और नेगोशिएबल इंस्ट्रूमेंट्स से संबंधित प्रकरण।

<>आज चिकित्सा के क्षेत्र में इसके माध्यम से रोगों की पहचान अधिक सटीक हो रही है और भविष्य में संभावित बीमारियों का अनुमान भी लगाया जा रहा है, वहीं मौसम विज्ञान में यह पूर्वानुमान देने में सक्षम है कि कब और कितनी वर्षा होगी, जिससे किसान अपनी फसलों की योजना पहले से बना लेते हैं और आधुनिक तकनीकों जैसे ड्रोन के माध्यम से कृषि कार्य अधिक प्रभावी हो गए हैं।

इसी प्रकार कंप्यूटर विज़न और रोबोटिक्स के माध्यम से उद्योगों में उत्पादन क्षमता बढ़ी है और एक जैसे कार्य कम समय में अधिक दक्षता से संपन्न हो रहे हैं, शिक्षा और अनुसंधान के क्षेत्र में भी ए.आई. ने जानकारी को त्वरित और संक्षिप्त रूप में उपलब्ध कराकर कार्यों को सरल बना दिया है। वित्तीय क्षेत्र में यह धोखाधड़ी की पहचान करने और बाजार के रुझानों का विश्लेषण करने में सहायक है, वहीं अंतरिक्ष विज्ञान और रक्षा क्षेत्र में भी इसकी भूमिका निरंतर बढ़ रही है, जिससे स्पष्ट है कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आज जीवन के लगभग प्रत्येक क्षेत्र में उपयोगी सिद्ध हो रहा है, और इसी व्यापक उपयोगिता को ध्यान में रखते हुए अब यह आवश्यक हो जाता है कि हम न्यायपालिका जैसे संवेदनशील क्षेत्र में इसके संभावित उपयोग पर विचार करें।

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की एक महत्वपूर्ण विशेषता इसकी सेल्फ लर्निंग क्षमता है, किंतु इसके लिए सही और प्रमाणिक डाटा अत्यंत आवश्यक है, क्योंकि त्रुटिपूर्ण डाटा से प्राप्त परिणाम भी गलत हो सकते हैं। इसके साथ ही इसके उपयोग से समय की बचत और कार्यों में सटीकता तो आती है, परंतु डाटा की गोपनीयता, रोजगार पर प्रभाव और साइबर अपराध जैसी चुनौतियां भी सामने आती हैं। जैसे फर्जी प्रोफाइल बनाना, छवि का दुरुपयोग करना या भ्रामक जानकारी फैलाना। इसके अतिरिक्त यह भी एक महत्वपूर्ण प्रश्न है कि यदि ए.आई. के माध्यम से किसी व्यक्ति के बारे में आपत्तिजनक सामग्री प्रस्तुत होती है तो उसकी जिम्मेदारी किसकी होगी? यह भविष्य का एक गंभीर विधिक प्रश्न है। इसलिए यह आवश्यक है कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग पूरी सावधानी और नैतिकता के साथ किया जाए, क्योंकि यह मानव जीवन को सरल बनाने का एक प्रभावी साधन तो है, किंतु मानव की भावनाओं और नैतिक मूल्यों का पूर्ण विकल्प नहीं बन सकता।

इन्हीं आधारों को ध्यान में रखते हुए हम न्यायपालिका में इसके उपयोग की संभावनाओं को समझने का प्रयास करेंगे। सर्वप्रथम कानूनी शोध के क्षेत्र में यह अत्यंत उपयोगी सिद्ध हो रहा है, जहां न्यायाधीश, अधिवक्ता और शोधार्थी इसके माध्यम से त्वरित रूप से आवश्यक सामग्री प्राप्त कर रहे हैं।

पहले जहां किसी केस में लॉ (कानून ) को खोजने के लिए अनेक पुस्तकों का अध्ययन करना पड़ता था, वहीं अब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के माध्यम से वह कार्य तुरंत संभव हो गया है। इसके अतिरिक्त केस मैनेजमेंट और न्यायालयीन प्रक्रिया के प्रबंधन में भी इसका उपयोग किया जा सकता है। न्यायालयों में अनुवाद और लिप्यांतरण के कार्य में भी ए.आई.सहायक बन रहा है। उच्चतम न्यायालय में इस प्रकार के प्रयोग प्रारंभ हो चुके हैं, जहां विभिन्न भाषाओं में दिए गए निर्णयों और दस्तावेजों का त्वरित अनुवाद संभव हो रहा है, जिससे कार्य की दक्षता बढ़ती है, सटीकता में सुधार होता है और त्रुटियों की पहचान करना भी सरल हो जाता है। साथ ही मैनुअल कार्य में कमी आने से समय और खर्च दोनों की बचत होती है। किन्तु इसके साथ यह संभावना भी बनी रहती है कि यदि डाटा त्रुटिपूर्ण है तो उसके आधार पर अनुचित परिणाम सामने आ सकते हैं। इसके अतिरिक्त ए.आई. आधारित निर्णयों में पारदर्शिता और स्पष्टीकरण का अभाव भी एक महत्वपूर्ण चिंता का विषय है, तथा अत्यधिक निर्भरता से मानवीय संवेदनाओं और न्यायाधीश के अनुभव पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है, क्योंकि न्यायिक प्रक्रिया में केवल साक्ष्य ही नहीं बल्कि गवाह की भाव-भंगिमा, व्यवहार और आचरण भी कई बार महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। साथ ही यदि समस्त सूचनाएं डाटा के रूप में संरक्षित होती हैं तो गोपनीयता का जोखिम भी बना रहता है। अत: आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को अपनाने के लिए आवश्यक सावधानियां अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। इसके लिए ए.आई.गवर्नेंस फ्रेमवर्क विकसित किया जाना चाहिए तथा न्यायालयों में इसके उपयोग के लिए स्पष्ट दिशा-निर्देश निर्धारित होने चाहिए। निष्पक्षता और सटीकता सुनिश्चित करने के लिए स्वतंत्र ऑडिट की व्यवस्था आवश्यक है और गोपनीयता की सुरक्षा को भी सुदृढ़ किया जाना चाहिए, साथ ही कानूनी शिक्षा में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के उपयोग को बढ़ावा देना समय की आवश्यकता है।

भारत के संदर्भ में अभी कई चुनौतियां विद्यमान हैं, जिनमें न्यायिक प्रक्रियाओं में औपचारिक ढांचे का अभाव, अत्यधिक निर्भरता का जोखिम और ए.आई.के प्रशिक्षण की कमी प्रमुख हैं। यदि सावधानीपूर्वक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग न्यायालयीन कार्यों में किया जाए, विशेषकर उन मामलों में जो डाटा आधारित हैं, जैसे संपत्ति विवाद, मोटर दुर्घटना दावे और नेगोशिएबल इंस्ट्रूमेंट्स से संबंधित प्रकरण, तो इनका त्वरित निपटारा संभव हो सकता है, जिससे न्यायालय का समय बचेगा और जटिल तथा गंभीर मामलों पर अधिक ध्यान केंद्रित किया जा सकेगा, क्योंकि वर्तमान में निचली अदालतों से लेकर उच्च न्यायालय और सर्वोच्च न्यायालय तक सभी स्तरों पर लंबित प्रकरणों का दबाव बना हुआ है।

न्यायाधीशों की संख्या की अपेक्षा उनके समक्ष लंबित मामलों की संख्या अत्यधिक है और उनके त्वरित निराकरण के लिए वर्तमान में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के अतिरिक्त कोई प्रभावी विकल्प स्पष्ट रूप से दिखाई नहीं देता। इस संदर्भ में कुछ प्रकरण भी उल्लेखनीय हैं, जिनसे यह स्पष्ट होता है कि न्यायालयों में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग सहायक उपकरण के रूप में प्रारंभ हो चुका है। उदाहरण स्वरूप एक मामले में, जिसमें एक कर्मचारी को सेवा से पृथक किया गया था और उसे पर्याप्त कारणों की जानकारी नहीं दी गई थी, न्यायालय ने उपलब्ध तथ्यों और तकनीकी साधनों की सहायता से मामले का परीक्षण करते हुए प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों को प्राथमिकता दी।

इसी प्रकार वर्ष 2023 में पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय में न्यायमूर्ति अनूप चितकारा द्वारा निर्णय प्रक्रिया के दौरान आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित उपकरण का संदर्भ लिया गया, जिसने इस दिशा में एक नई संभावनाओं को संकेत दिया। भारत के अतिरिक्त अन्य देशों में भी न्यायपालिका द्वारा ए.आई. के उपयोग की दिशा में प्रयास बढ़ रहे हैं, जैसे संयुक्त राज्य अमेरिका में कुछ प्रकरणों में ए.आई.आधारित अनुसंधान उपकरणों का उपयोग देखा गया है, वहीं यूनाइटेड किंगडम में न्यायालयों के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के उपयोग संबंधी दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं, जिससे इसके व्यवस्थित और जिम्मेदार उपयोग की रूपरेखा स्पष्ट होती है।

चीन सहित कुछ अन्य देशों में भी न्यायालयीन प्रक्रियाओं को अधिक दक्ष और त्वरित बनाने के लिए तकनीकी साधनों, विशेष रूप से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, का प्रयोग धीरे-धीरे बढ़ रहा है। इन सभी उदाहरणों से यह स्पष्ट होता है कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस( ए. आई. )न्यायपालिका में निर्णय का विकल्प नहीं, बल्कि एक सहायक साधन के रूप में उभर रहा है, जो न्यायिक प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी, त्वरित और प्रभावी बनाने में योगदान दे सकता है। मैं यह आशा और विश्वास व्यक्त करता हूं कि आने वाले समय में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस न्यायपालिका की कार्यप्रणाली को और अधिक सुदृढ़, त्वरित एवं न्यायसंगत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

**( उज्जैन में आयोजित तेइसवीं अखिल भारतीय सद्भावना व्याख्यानमाला में 21 नवम्बर 2025 को 'ए. आई. युग में सामाजिक सरोकार एवं न्याय के उपादान' विषय पर प्रमुख वक्ता के रूप में वीडियो कॉन्फ्रेंस में लेखक द्वारा दिए गए भाषण पर आधारित आलेख )**



## ललित सुरजन की कलम से

### जोसेफ ब्रूचाक

**( अमेरिकन मूलनिवासी कवि )**

हम देख रहे हैं<br>
पंचायत घर की खिडकियों से,<br>
जहाँ हमारी दादियों ने<br>
समझ और धीरज के साथ<br>
चुना उन नेताओं को<br>
जिन्हें जनता ने चाहा, विश्वास किया,<br>
और आगे बढ़ाया,<br>
जहाँ आकाश को प्रकंपित करते हुए<br>
डैने फडफ़ड़ाकर चीलों ने<br>
संगीत दिया<br>
शांति के गीतों को,<br>
बच्चों की, बड़ों की और<br>
आने वाली पीढियों को<br>
स्वस्ति के लिए,

हम देख रहे है<br>
उस ठिकाने से, जहाँ दफन किए गए<br>
बंधुद्रोही लड़ाईयों के हथियार और<br>
जहाँ अब खड़ा है<br>
गगनचुंबी वृक्ष देवदार का,<br>
और उस पर बैठी चील<br>
नीचे देखती हुई

**अंग्रेजी से रुपांतर:ललित सुरजन**

https://lalitsurjan.blogspot.com/2020/07/blog-post_15.html

## पावन प्रसंग

### जीवन विकास में पुस्तकों का महत्व

मानव जीवन के विकास में ज्ञान का स्थान सर्वोपरि है और इस ज्ञान की प्राप्ति का सबसे सशक्त माध्यम पुस्तकें हैं। स्वाध्याय और पुस्तकें एक-दूसरे के पूरक हैं। जिस प्रकार अन्न और जल जीवन के लिए आवश्यक हैं, उसी प्रकार पुस्तकें बौद्धिक और आत्मिक विकास के लिए अनिवार्य हैं। पुस्तकें केवल कागज और अक्षरों का संग्रह नहीं होतीं, बल्कि उनमें महान विचारकों, संतों और महापुरुषों के अनुभव, चिंतन और जीवन का सार समाहित होता है। वे मनुष्य को दिशा देती हैं, उसे अज्ञान के अंधकार से निकालकर ज्ञान के प्रकाश की ओर ले जाती हैं।

पुस्तकों की विशेषता यह है कि वे निर्जीव होते हुए भी जीवंत प्रतीत होती हैं। उनमें लेखक की आत्मा बसती है। जब कोई व्यक्ति पुस्तक खोलता है तो उसे ऐसा अनुभव होता है मानो महान व्यक्तित्व उसके सामने उपस्थित होकर उससे संवाद कर रहे हों। इस प्रकार पुस्तकें केवल ज्ञान का संग्रह नहीं बल्कि जीवंत संवाद का माध्यम बन जाती हैं। यही कारण है कि उन्हें ज्ञानियों की समाधि कहा गया है, जहां उनके विचार सुरक्षित रहते हैं और पीढ़ी दर पीढ़ी मानवता का मार्गदर्शन करते हैं।

पुस्तकों का प्रभाव दो प्रकार का होता है। वे अमृत भी बन सकती हैं और विष भी। अच्छी पुस्तकें मनुष्य को सत्मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती हैं, उसके विचारों को शुद्ध करती हैं और उसके चरित्र का निर्माण करती हैं। वे सच्चे मित्र की भांति उसका मार्गदर्शन करती हैं और जीवन की कठिनाइयों में उसे सही दिशा दिखाती हैं। इसके विपरीत, निम्न स्तर की या गलत विचारों वाली पुस्तकें मनुष्य को भ्रमित कर सकती हैं और उसे गलत रास्ते पर ले जा सकती हैं। इसलिए यह आवश्यक है कि व्यक्ति विवेकपूर्वक पुस्तकों का चयन करे और सद्ग्रंथों का अध्ययन करे।

पुस्तकों का महत्व इस बात से भी स्पष्ट होता है कि वे अमर होती हैं। मनुष्य का शरीर नश्वर है, लेकिन उसके विचार और कृतियां पुस्तकों के माध्यम से सदैव जीवित रहती हैं। प्राचीन ग्रंथ जैसे गीता, रामायण, महाभारत और अन्य धार्मिक व नैतिक साहित्य आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं जितने अपने समय में थे। इन ग्रंथों ने न केवल अपने युग को प्रभावित किया बल्कि आने वाली पीढ़ियों को भी दिशा प्रदान की है। यही कारण है कि पुस्तकें लेखक के अमरत्व का प्रतीक मानी जाती हैं।

इतिहास में पुस्तकों के निर्माण और संरक्षण के लिए अनेक प्रयास किए गए हैं। प्राचीन काल में ज्ञान को सुनकर याद रखने की परंपरा थी, जिसे श्रुति कहा जाता था। बाद में जब यह अनुभव हुआ कि स्मृति पर निर्भर रहना पर्याप्त नहीं है, तब ज्ञान को लिखित रूप देने की आवश्यकता महसूस हुई। प्रारंभ में ताड़पत्र, भोजपत्र और चमड़े पर लेखन किया जाता था। यह प्रक्रिया अत्यंत कठिन और श्रमसाध्य थी। एक पुस्तक तैयार करने में वर्षों लग जाते थे और उसकी प्रतियां बनाना भी अत्यंत कठिन कार्य था। इसके बावजूद ज्ञान के संरक्षण के लिए विद्वानों और राजाओं ने अथक प्रयास किए।

**-कांतिलाल मांडोत**

# नर्मदा नियरे

## सार-समाचार

### सचिवों को साफ निर्देश- जल, संपत्ति कर वसूली में जुट जाएं

**हरदा,देशबन्धु।** पंचायतों में स्वच्छता, जल, संपत्ति कर के संग्रहण करने हेतु सभी पंचायत सचिव को निर्देश दिए गए कि आगामी तीन दिवस में कम प्रगति वाली पंचायतें अपने कर संग्रहण को बढ़ाएं, जिले में कम प्रगति वाली पंचायतें बढ़झिरी, बरकला, भवरास, बोरी, छीपानेर, गाढ़ामोड, नांदवा, रहटगांव, समरधा, धनगांव, गहाल, झाढ़पा नवीन, कचबैढ़ी, नांदरा, रैसलपुर, राताताताई, समरधा, सीगोन, सिरकम्बा, गोमगांव, जिनवानिया, कढ़ोला राघव, भवरदीमाल, सारंगपुर, पटाल्दा, जूनापानी, प्रतापपुरा, सांगवामाल, टेमागांव है जिन्हें कर संग्रहण के लिए विशेष प्रयास करने है ! बैठक में जनपद पंचायत हरदा की ग्राम पंचायत आदमपुर, केलनपुर, पचोला, पांचातलाई, झालवा, पलासनेर, गहाल, हंडिया, जनपद पंचायत टिमरनी के बोरपानी, कायरी, गोंदागांवकला, कपासी, छीरपुरा, बाजनिया, सामरधा, बढ़झिरी, पांढरमाटी, डेहरिया, सन्यासा, सोहागपुर तथा जनपद पंचायत खिरकिया की ग्राम पंचायत मुहालकला, बारंगी, रहटाकला, बम्हनगांव, धनवाढ़ा, हसनपुरा, टेमलावाढ़ीमाल के सचिव अनुपस्थित रहने से संबंधित ग्राम पंचायत सचिवों को कारण बताओ सूचना पत्र जारी करने के निर्देश संबंधित मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत को दिये गये । बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत हरदा, टिमरनी, जिला पंचायत के योजनाओं के प्रभारी उपस्थित थे।

### शौचालय का कार्य 10 दिन में पूरा कराएं, स्थल चिन्हित करने निर्देश

**हरदा, देशबन्धु।** व्यक्तिगत शौचालय एवं सामुदायिक शौचालय का कार्य पूर्ण करवाए एवं शेष कार्यों को 10 दिवस में पूर्ण करवाए एवं पात्र परिवारों का चिन्ढ़हांकन कर 3 दिवस में सूची प्रेषित करें । सामुदायिक स्वच्छता परिसर के निर्माण हेतु स्थल का चयन कर जनपद के माध्यम से प्रस्ताव जिला पंचायत में प्रेषित करे एवं ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन हेतु स्थलो का चिन्हांकन कर किया जाए ।

### केंद्रीय राज्य मंत्री उईके का भ्रमण कार्यक्रम, टिमरनी में रहेंगे मौजूद

**हरदा , देशबन्धु।** भारत सरकार के अनुसूचित जनजाति कार्य विभाग के केन्द्रीय राज्य मंत्री दुर्गादास उईके 9 अप्रैल को टिमरनी आएंगे। जारी कार्यक्रम अनुसार मंत्री श्री उईके 9 अप्रैल को प्रातः 7 बजे बैतूल से प्रस्थान कर 9 बजे टिमरनी आएंगे तथा तारण भवन में आयोजित पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान - 2026 कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। मंत्री श्री उइके दोपहर 12 बजे हरदा से बैतूल के लिये प्रस्थान करेंगे।

### प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में जल संरक्षण के लिए किया जागरूक

**हरदा , देशबन्धु।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस स्वामी विवेकानंद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय हरदा में बुधवार को जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा प्राचार्य डॉ संगीता बिले के मार्गदर्शन में जल संरक्षण तथा शुध्द पेयजल उपलब्धता हेतु विद्यार्थियों को जागरूक किया गया। अभियान के तहत महाविद्यालय में प्राचार्य, प्राध्यापक एवं विद्यार्थियों द्वारा पक्षियों हेतु सकोरे लगाये गये तथा गर्मी के मौसम को देखते हुए शुद्ध पेयजल के प्याऊ की व्यवस्था की गयी। इस अभियान में विद्यार्थियों ने "जल ही जीवन है" के महत्व को समझते हुए जल संरक्षण हेतु सभी को प्रेरित करने हेतु भाषण प्रस्तुत किये तथा गीत और स्लोगन से लोगों को जागरूक किया। इस जागरुकता अभियान में छात्रा इकाई की नोडल अधिकारी सुश्री मनीषा चौहान ने विद्यार्थियों को जल बचाने के लिए प्रोत्साहित किया। इस दौरान महाविद्यालय से डॉ. राकेश सिंह परस्ते, डॉ देवेंद्र कुमार रोडगे, रामदयाल मकवाना, सुश्री रीना मालवीय, अजय कुमार बिलारे, डॉ. आशा गायकवाड, डॉ. प्रियंका राय, डॉ. शिवानी बर्मन, डॉ. रविंद्र कुमार सोनपुरे, डॉ. मोहन लाल सूर्यवंशी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### सांप के काटने से बुजुर्ग की मौत

**छतरपुर, देशबन्धु।** जिले के बंसिया थाना क्षेत्र में जहरीले सांप के काटने से एक 70 वर्षीय बुजुर्ग अच्छेलाल कुशवाहा की दर्दनाक मौत हो गई है। बताया गया है, मंगलवार रात करीब 10 बजे अच्छेलाल कुशवाहा घर में खाना खाने के बाद सो गया, तभी अचानक कहीं से आकर एक सांप ने उसे डस लिया। इसकी जानकारी मिलते ही परिजनों में हड़कंप मच गया। तुरंत बुजुर्ग को नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। जहां हालत गंभीर देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

# उमड़ा शिक्षकों का सैलाब, रैली निकालकर पहुंचे कलेक्टर कार्यालय

## प्रदेशव्यापी आव्हान पर बैतूल में शिक्षकों ने किया शक्ति प्रदर्शन



**बैतूल, देशबन्धु।** अध्यापक संयुक्त मोर्चा मध्य प्रदेश भोपाल के प्रदेशव्यापी आव्हान पर 8 अप्रैल को बैतूल में शिक्षकों ने बड़ा प्रदर्शन करते हुए जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा और शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) को निरस्त करने की मांग उठाई। सीधे मुद्दे पर उतरे शिक्षकों ने स्पष्ट किया कि सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के बाद राज्य शासन मध्य प्रदेश द्वारा आयोजित की जा रही टीईटी परीक्षा का संयुक्त मोर्चा पुरजोर विरोध करता है और इसे तत्काल निरस्त किया जाए। यह प्रदर्शन ब्लॉक से लेकर जिला स्तर तक व्यापक भागीदारी के साथ किया गया। ज्ञापन देने पहुंचे प्रमुख शिक्षकों में सचिन राय, पंजाब गायकवाड, दिलीप गीते, भीम धोटे, रवि सरनेकर, राजेंद्र कटारे, विनय राठौर, राजेंद्र प्रसाद साहू, नीरज गलफट, रमेश बारस्कर, देवीदास पाटणकर, कमलेश मिश्रा, सुनील घोरमेड, नितेश राठौर, आजाद कश्यप, प्रवीण शर्मा, धनराज पाटील, रामचंद्र, अनीता सोनारे, सुषमा तिवारी, शारदा, सुनीता उईके, राधा धुर्वे, सुरेश, शकुन धुर्वे, मिश्रा कमलेश पाल, ज्ञानेंद्र शुक्ला, लोकेश जोठे, संतोष जोठे, अतुल पटेल, अनिल गोस्वामी, प्रकाश देवड़े, गोकुल झरबडे, भारतीय प्रधान, अनीता चौरसिया, कविता नागले, दीनदयाल यादव, गीता नागले, उर्मिला वी नारायण आदी थे।

# जिले को मिली वेंटिलेटर सुविधा वाली दो एम्बुलेंस 70 लाख कीमत, सभी जरूरी सुविधाएं मौजूद हैं

**हरदा, देशबन्धु।** मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड ने सीएसआर फंड के तहत हरदा जिले की रोगी कल्याण समिति को 70 लाख रुपए कीमत की दो वेंटिलेटर सुविधा वाली आधुनिक एंबुलेंस प्रदान की हैं। विगत दिनों टिमरनी के सरस्वती शिशु मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में इन एंबुलेंस का लोकार्पण किया गया। कंपनी के इंडिपेंडेंट डायरेक्टर डॉ. विवेक अतुल भुस्कुटे ने बताया कि हरदा जिले के कलेक्टर सिद्वार्थ जैन से चर्चा एवं जिले की भौगोलिक स्थिति को देखते हुए स्वास्थ्य सेवाओं में विस्तार करते हुए मरीज वाहनों की आवश्यकता महसूस की गई । टिमरनी विकासखंड में जहॉ 80 से 100 किलोमीटर तक का वन क्षेत्र है, इस क्षेत्र में अधिकांश कमजोर आयवर्ग के लोग निवास करते हैं । इस क्षेत्र के लोगों को स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने की दृष्टि से कुल दो एम्बूलेंस सीएसआर माध्यम से प्रदान की गई है इनमें से एक एंबुलेंस टिमरनी के वनवासी अंचल के लिए होगी। वहीं, दूसरी एंबुलेंस का उपयोग जिला अस्पताल हरदा द्वारा किया जाएगा। स्वास्थ्य के क्षेत्र में हरदा जिले को मिली इस महत्वपूर्ण उपलब्धि के लिए क्षेत्र के समाजसेवियों ने डॉ. भुस्कुटे के प्रयासों की सराहना करते हुए उन्हें धन्यवाद दिया। रेडक्रॉस सोसायटी के आनंद मुजुमदार ने बताया कि एम्बूलेंस वाहन से दुर्घटना में घायल लोगों के साथ गंभीर बीमार व्यक्तियों को भी मदद मिलेगी तथा 108 सेवा की तरह गर्भवती महिलाओं को भी आपात स्थिति में मदद दी जा सकेगी ।

## एम्बुलेंस के माध्यम से वन क्षेत्र में स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन होगा, जरूरतमंदों को मिलेगी सेवाएं

प्रमुख खंड चिकित्सा अधिकारी टिमरनी डॉ एम के चौरे ने बताया कि एम्बूलेंस के माध्यम से वन क्षेत्र में स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन भी किया जावेगा, इन शिविरों में क्षेत्र के निजी व शासकीय चिकित्सकों द्वारा स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जावेगी । वही मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एच पी सिंह ने बताया कि वर्तमान में उपलब्ध एम्बूलेंस सेवाओं में वृद्धि करते हुए दो बड़ी एम्बूलेंस डॉ. विवेक भुस्कुटे के सहयोग से प्राप्त हुई हैं। ज्ञात हो कि मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड (एमडीएल), मुंबई में स्थित भारत की एक प्रमुख रक्षा सार्वजनिक क्षेत्र की इकाई (डीपीएसयू) और अग्रणी जहाज निर्माण कंपनी है, जो मुख्य रूप से भारतीय नौसेना के लिए युद्धपोत, पनडुब्बियां और अपतटीय प्लेटफॉर्म बनाती है। यह रक्षा मंत्रालय के अधीन कार्य करती है और इसने 800 से अधिक जहाजों का निर्माण किया है। इसे 'नवरत्न' का दर्जा प्राप्त है। इस कंपनी द्वारा डॉ. विवेक भुस्कुटे को इंडिपेंडेंट डायरेक्टर नियुक्त किया गया है। सीएसआर फंड के तहत हरदा जिले की रोगी कल्याण समिति को 70 लाख रुपए कीमत की दो आधुनिक एंबुलेंस प्रदान की हैं।

### अवैध शराब बेचने की फिराक में था आरोपी

# भारी मात्रा में अवैध शराब जप्त करने में देहात थाना टीम को मिली सफलता

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** सोमवार को भारी मात्रा में अवैध शराब थाना क्षेत्र में बिक्री करने की फ़िराक से खड़े होने की सूचना प्राप्त होने पर साई कृष्णा एस थोटा पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में, अभिषेक राजन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं जितेंद्र कुमार पाठक एसडीओपी के निर्देशन में थाना देहात की सयुक्त टीम का त्वरित गठन किया गया। सोमवार को विश्वसनीय मुखबिर द्वारा सूचना पर त्वरित कार्यवाही करते हुए एक व्यक्ति को अवैध शराब भरकर बेचने के लिए उसके घर के सामने खड़ा था जिसे घेरा बंदी कर पकड़ा, जिनका नाम पता पूछने पर चालक ने अपना नाम रविशंकर सराठे पिता रामभरोस सराठे उम्र 51 साल निवासी माता मंदिर के पास मालाखेड़ी, नर्मदापुरम का बताया गया। जिसके पास में रखी बोरी को चेक करने पर देशी मदिरा सफेद प्लेन के 34 क्वाटर एवं देशी मंदिरा लाल के 194 क्वाटर कुल 228 क्वाटर प्रत्येक 180-180 स्रूका सील बंद भरे पाये गये। कुल जुमला शराब 41.04 वल्क लीटर कीमती करीबन 19670 रुपए की जप्त की जाकर आरोपी के विरुद्ध धारा 34 (1) आबकारी अधिनियम का अपराध पंजीबद्ध किया गया।

निरीक्षक सौरभ पाण्डेय थाना प्रभारी देहात , उप निरीक्षक गौरी शंकर मांझी, आर. चेतन नरवरे, आर. कपिल विश्वकर्मा, आर. अनिल भुसारे, आर. प्रेम प्रवीण बड़ोदे की महत्त्वपूर्ण भूमिका रही।

# ओलावृष्टि से फसलें बर्बाद, किसानों के सामने आजीविका का संकट

### खेड़ी रामोशी में जमीन विवाद, 100 साल पुराने कब्जे के बावजूद प्रशासनिक लापरवाही के आरोप

**बैतूल, देशबन्धु।** जिले में विभिन्न समस्याओं को लेकर जयस संगठन के बैनर तले प्रदेश संयोजक जामवंत सिंह कुमरे के नेतृत्व में जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर त्वरित कार्रवाई की मांग की गई। ज्ञापन में किसानों की फसल नुकसान, निजी क्लिनिकों की अनियमितता, जमीन विवाद और स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही जैसे गंभीर मुद्दे उठाए गए हैं।

ज्ञापन में बताया गया कि हाल ही में हुई ओलावृष्टि से किसानों की फसलें पूरी तरह बर्बाद हो गई हैं, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति बिगड़ गई है और आजीविका का संकट खड़ा हो गया है। कई किसानों की पूरी फसल नष्ट हो चुकी है। मुलताई के प्रभात पट्टन क्षेत्र में एक निजी क्लिनिक के डॉक्टर पर इलाज के दौरान महिला से अनुचित व्यवहार और छेड़छाड़ का प्रयास करने का आरोप लगाया गया है। साथ ही क्षेत्र में संचालित अन्य निजी क्लिनिकों में बिना पंजीकरण और अनुमति के इलाज किए जाने, योग्य डॉक्टरों की अनुपस्थिति और नियमों के उल्लंघन की शिकायत भी की गई है। खेड़ी रामोशी गांव में आदिवासी समुदाय की जमीन को लेकर विवाद सामने आया है। ज्ञापन के अनुसार संबंधित जमीन पर आदिवासियों का करीब 100 वर्षों का कब्जा है, लेकिन तहसीलदार प्रभात पट्टन द्वारा वर्ष 2025-26 के प्रकरण में मौके पर क्रेता का कब्जा बताया गया। साथ ही जरूरी दस्तावेज जैसे चालान फीस की प्रति, 1972-73 का अधिकार अभिलेख और मिसल बंदोबस्त की प्रति संलग्न नहीं होने पर पटवारी और तहसील स्तर पर गंभीर लापरवाही के आरोप लगाए गए हैं। जिला चिकित्सालय में डॉ. धाकड़े द्वारा प्रसूता की मौत के मामले में 15 नवंबर को प्रभारी मंत्री द्वारा कार्रवाई का आश्वासन दिया गया था, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं होने पर लिखित जवाब मांगा गया है। ज्ञापन में कहा गया है कि इन सभी समस्याओं को लेकर पहले भी संबंधित विभागों को अवगत कराया जा चुका है, लेकिन कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए। ऐसे में कलेक्टर से मांग की गई है कि संबंधित अधिकारियों को निर्देश देकर शीघ्र समाधान सुनिश्चित किया जाए, ताकि क्षेत्रवासियों को राहत मिल सके।

# नरवाई प्रबंधन को लेकर 'किसान पाठशाला' और जागरूकता रैलियों का किया आयोजन



नरवाई न जलाएं, जलवायु अनुकूल खेती अपनाएं का संदेश दे रहा जिला प्रशासन

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** रबी फसल की कटाई के बाद खेतों में नरवाई (पराली) जलाने की घटनाओं पर रोक लगाने के उद्देश्य से कलेक्टर सोनिया मीना एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत हिमांशु जैन के निर्देश पर म.प्र. राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत ग्राम स्तर पर 'किसान पाठशाला' एवं जन-जागरूकता रैलियों का आयोजन किया जा रहा है।

गांव-गांव में आयोजित इन किसान पाठशालाओं में पोस्टर, चौपाल और संवाद के माध्यम से किसानों को नरवाई जलाने से होने वाले दुष्परिणामों के बारे में जानकारी दी जा रही है। किसानों को बताया जा रहा है कि पराली जलाने से जहां पर्यावरण प्रदूषित होता है, वहीं मिट्टी की उर्वरा शक्ति भी कम होती है और आगजनी जैसी गंभीर दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है। कृषि विशेषज्ञों द्वारा सुझाए गए आधुनिक कृषि यंत्रों जैसे हैप्पी सीडर, सुपर सीडर, जीरो टिलेज, रोटावेटर और रीपर कम बाइंडर के उपयोग की सलाह दी जा रही है। साथ ही नरवाई का उपयोग भूसा बनाने और पूसा डीकंपोजर के माध्यम से जैविक खाद तैयार करने जैसे वैकल्पिक उपायों को भी प्रोत्साहित किया जा रहा है। स्वसहायता समूह, ग्राम संगठन और संकुल स्तरीय संगठनों की बैठकों में सदस्यों को नरवाई न जलाने की शपथ दिलाई जा रही है और इस संकल्प को कार्यवाही विवरण में भी अनिवार्य रूप से दर्ज किया जा रहा है। इन गतिविधियों का मुख्य उद्देश्य नरवाई न जलाएं, जलवायु अनुकूल खेती अपनाएं का संदेश जन-जन तक पहुंचाना है। जिला प्रशासन ने सभी किसानों से अपील की है कि वे नरवाई जलाने के बजाय उसके वैज्ञानिक प्रबंधन को अपनाएं, जिससे पर्यावरण सुरक्षित रहे और भूमि की उर्वरा शक्ति बनी रहे।

# श्रीमद् भागवत कथा के अंतिम दिवस सुदामा चरित्र के खास प्रसंग ने श्रद्धालुओं को किया भावविभोर

### पूर्णाहुति एवं महाआरती के साथ हुआ भव्य समापन



**हरदा , देशबन्धु।** वृंदावन स्थित सुदामा कुटी के शताब्दी महा-महोत्सव के अंतर्गत हरदा के मंगल परिवार द्वारा आयोजित श्री सीताराम गार्डन, सिविल लाइन थाने के पास बायपास रोड स्थित भवन में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का अंतिम दिवस अत्यंत भावपूर्ण एवं भक्तिमय वातावरण में संपन्न हुआ। समापन अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित होकर धर्म लाभ लेने पहुंचे और पूरे परिसर में भक्ति, श्रद्धा एवं उल्लास का अद्भुत संगम देखने को मिला।

कथा के अंतिम दिवस वृंदावन के पूज्य संत शिवसेवकदास महाराज ने सुदामा चरित्र एवं भागवत उपसंहार प्रसंग का मार्मिक वर्णन किया। उन्होंने बताया कि सुदामा और भगवान श्रीकृष्ण की मित्रता हमें सच्चे प्रेम, त्याग और निस्वार्थ भाव का संदेश देती है। सुदामा की निर्धनता के बावजूद उनकी भक्ति और आत्मीयता से प्रसन्न होकर भगवान श्रीकृष्ण ने उन्हें अपार कृपा प्रदान की। इस प्रसंग को सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे और सभी श्रद्धालुओं की आंखें नम हो गईं। आयोजन मंडल के हेमंत मोराने ने बताया कि कथा के दौरान जब भक्ति संगीत में प्रसिद्ध भजन 卐अरे द्वार पालो कन्हैया से कह दो卐 गूंजा, तो पूरा पंडाल भक्तिरस में सराबोर हो उठा। श्रद्धालु झूम उठे और भगवान श्रीकृष्ण के जयघोष के साथ वातावरण पूरी तरह भक्तिमय बन गया। यह दृश्य अत्यंत मनमोहक एवं भावपूर्ण रहा।

महाराज श्री ने कहा कि भगवान भाव के भूखे हैं, भक्ति में दिखावा नहीं बल्कि सच्चा प्रेम और विश्वास आवश्यक है। जो व्यक्ति निष्काम भाव से ईश्वर को याद करता है, उसके जीवन में स्वयं प्रभु कृपा बरसाते हैं। उन्होंने सभी को सादगी, सेवा, मित्रता और समर्पण का संदेश देते हुए जीवन को धर्ममय बनाने की प्रेरणा दी।

समापन अवसर पर विधिवत पूर्णाहुति यज्ञ का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने आहुति देकर अपने जीवन में सुख-समृद्धि एवं शांति की कामना की। इसके पश्चात भव्य महाआरती संपन्न हुई, जिसमें पूरा पंडाल हरि बोल और जय श्रीकृष्ण के जयघोष से गूंज उठा। श्रद्धालुओं ने आरती में भाग लेकर प्रसाद ग्रहण किया और भाव-विभोर हो उठे।

आयोजन से जुड़े संजय मंगल ने बताया कि पूरे सात दिनों तक चले इस आध्यात्मिक आयोजन में हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लेकर कथा श्रवण का लाभ प्राप्त किया। यह आयोजन न केवल धार्मिक आस्था का केंद्र रहा, बल्कि समाज में एकता, संस्कार और आध्यात्मिक जागरूकता का संदेश भी देने में सफल रहा। इस गरिमामय आयोजन की प्रेरणा भक्तमती माता श्रीमति पुष्पा मंगल जी से प्राप्त हुई है। आयोजन का संचालन संजय मंगल, सूर्यांश मंगल सहित समस्त मंगल परिवार द्वारा सेवा, समर्पण एवं भक्ति भाव से किया गया। अंत में आयोजक मंगल परिवार ने सभी संत-महात्माओं, अतिथियों, कथा श्रवण हेतु पधारे समस्त श्रद्धालुओं, सहयोगियों, कार्यकर्ताओं, भजन गायक मंडली तथा प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग देने वाले सभी सेवाभावी जनों का हृदय से आभार व्यक्त किया।

# टेट परीक्षा रद्द करने एवं नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता प्रदान करने की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन

**हरदा , देशबन्धु।** अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा के प्रांतीय आह्वान पर बुधवार को जिले के सैकड़ो शिक्षकों ने पंच पिपलेश्वर महादेव मंदिर कृषि मंडी हरदा से कलेक्टर कार्यालय तक रैली निकालकर अपनी प्रमुख मांग के नारे लगाते हुए रैली निकाली और मुख्यमंत्री के नाम नायब तहसीलदार भगवान दास तमखाने को ज्ञापन दिया । ज्ञापन में बताया गया कि पूर्व से नियुक्त अध्यापक संवर्ग के शिक्षकों की टेट परीक्षा रद्द करने एवं नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता प्रदान करने की मांग प्रमुख है। ।साथ ही एक ज्ञापन पूर्व कृषि मंत्री कमल पटेल को भी प्रदान किया ।जिस पर श्री पटेल ने कहा कि वह भी मुख्यमंत्री को इस संबंध में शिक्षकों के समर्थन में पत्र लिखेंगे व शिक्षकों को आश्वासन दिया कि जिले के शिक्षकों के साथ है ।उम्र के इस पड़ाव में दोबारा परीक्षा लेना उचित नहीं है । मोर्चा द्वारा आगामी 11 अप्रैल को ब्लॉक स्तर पर ज्ञापन दिया जाएगा एवं 18 अप्रैल को जिले के अधिक से अधिक संख्या में भोपाल प्रांतीय धरना एवं ज्ञापन कार्यक्रम में शामिल होंगे। इस अवसर पर रामनिवास जाट, मजीद खान, महेश शुक्ला ,गणेश पटवारे, शैलेंद्र शर्मा, देवेंद्र त्यागी, रामकृष्ण गोस्वामी, दीपक तिवारी ,हरगोविंद दुबे, करतार सिंह राजपूत, अशोक देवराले ,बसंत शर्मा, भोलानाथ पवार, पीयूष राठौर, अनिल शुक्ला ,अनिल पगारे ,श्रीमती करुणा मालवीय ,अलका चौहान, ज्योति विश्वकर्मा, सीमा रघुवंशी, नैना बुच, अनुराधा तिवारी, विद्या जैन ,हेमलता धनगर, व प्रांतीय शिक्षक संघ राज्य शिक्षक संघ आजाद अध्यापक शिक्षक संघ मध्य प्रदेश, शासकीय अध्यापक संगठन मध्य प्रदेश, शिक्षक संघ मध्य प्रदेश, तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ मध्य प्रदेश शिक्षक कांग्रेस, एन एम ओ पी एस व राज्य कर्मचारी संघ के पदाधिकारी उपस्थित थे।

# सीईओ ने की ग्रामीण विकास के कार्यों की समीक्षा, पंचायत सचिवों को सख्त निर्देश





**हरदा , देशबन्धु।** जिला पंचायत हरदा के सभाकक्ष में बुधवार को ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं मनरेगा स्वच्छ भारत मिशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, कराधान जैसे महत्वपूर्ण विषय में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रीमती अंजली जोसेफ द्वारा समीक्षा की गई। मनरेगा योजना में कम केवायसी, जल गंगा अभियान अंतर्गत मनरेगा की अपूर्ण जल संरचनाओं को त्वरित गति से पूर्ण कराकर जल संचय जनभागीदारी पोर्टल पर फोटो अपलोड करानेए जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत प्रत्येक पंचायत में 2.2 रेन वाटर हार्वेटिंग तथा पीएचई से प्राप्त सूखे नलकूपो के समीप सोकपिट रिचार्ज पिट के कार्यों को सर्वोच्च प्रथमिकता के तोर पर पूर्ण कराकर जल संचय जनभागीदारी पोर्टल पर अपलोड कराने के निर्देश दिए । समीक्षा में उपस्थित कम प्रगति वाली हरदा, खिरकिया एवं टिमरनी की जनपद पंचायतो के उपयंत्रियों, सचिवों तथा ग्राम रोजगार सहायकों को दिए गए।

ग्राम पंचायतो की समीक्षा के दौरान प्रत्येक पैरामीटर पर प्रगति की समीक्षा कर 1 सप्ताह में वांछित प्रगति लाने के निर्देश संबंधित पंचायत सचिव को दिए गए । सीईओ ने की ग्रामीण विकास के कार्यों की समीक्षा ने बताया कि उनके द्वारा विभिन्न योजनाओं कि ग्राम पंचायतवार जानकारी तैयार कराई जा रही है, सम्बंधित पंचायतो को वांछित प्रगति हेतु 1 सप्ताह का समय दिया गया है, आगामी 1 सप्ताह कि प्रगति के आधार पर पुनः उन ग्राम पंचायतो की समीक्षा की जाकर कम प्रगति पाए जाने पर सम्बंधित उपयंत्री, सचिव, ग्राम रोजगार सहायकों के विरुद्ध अनुसासनात्मक कार्यवाही प्रस्तावित की जावेगी।

# मालेगांव में भीषण पेयजल संकट से बिफरे लोग, कलेक्टर से 7 दिनों में समाधान की मांग वरना करेंगे चक्का जाम-प्रदर्शन





**भैंसदेही, देशबन्धु।** मप्र के बैतूल जिले की भैंसदेही तहसील की कोथलकुल पंचायत अंतर्गत मालेगांव गांव में पिछले दो वर्षों से पेयजल संकट गहराता जा रहा है। ग्रामीणों ने जिला कलेक्टर एवं जन सुनवाई अधिकारी को शिकायत पत्र भेजकर जल जीवन मिशन योजना की लापरवाही का आरोप लगाया है। उन्होंने 7 दिनों के भीतर समस्या का समाधान न होने पर पीएचई कार्यालय का घेराव और चक्का जाम की चेतावनी दी है।

**स्थानीय बोरवेल सूखे, वैकल्पिक व्यवस्था की मांग:-**गांव में स्थापित बोरवेल से पानी नहीं निकल पा रहा है। ग्रामीणों ने सुझाव दिया है कि झीरी गांव के पास डायवर्शन (नदी से पानी लाने) की व्यवस्था की जाए या स्थानीय डैम/नदी से बोरिंग कर पानी की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। विशेष रूप से गर्मी के दिनों में पेयजल संकट चरम पर पहुंच जाता है, जिससे महिलाएं और बच्चे सबसे अधिक प्रभावित हो रहे हैं। गांव पूरी तरह आदिवासी बहुल्य होने से स्थिति और गंभीर हो जाती है।

**प्रशासन पर सख्त चेतावनी-घेराव और चक्का जाम का ऐलान:-** शिकायतकर्ताओं ने कहा, यदि 7 दिनों के अंदर पेयजल समस्या का स्थायी समाधान नहीं किया गया, तो हम पीएचई कार्यालय का घेराव करेंगे और सड़क पर चक्का जाम करेंगे। इसकी पूरी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी। ग्रामीणों का यह पत्र सोशल मीडिया और स्थानीय स्तर पर वायरल हो रहा है, जिससे प्रशासन पर दबाव बढ़ गया है। जिला प्रशासन की ओर से अभी कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं आई है,

### जल जीवन मिशन योजना दो वर्षों से अधर में लटकी

ग्रामीणों के अनुसार, मालेगांव गांव में जल जीवन मिशन के तहत करोड़ों रुपये की स्वीकृत योजना दो वर्ष पूर्व शुरू हुई थी, लेकिन पीएचई विभाग और ठेकेदार की लापरवाही से यह अब तक पूरी नहीं हो सकी। गांव के निवासियों को रोजमर्रा की पेयजल समस्या का सामना करना पड़ रहा है। उपसरपंच सहित समस्त ग्रामवासियों ने पत्र में स्पष्ट उल्लेख किया है कि योजना की वजह से ग्रामीण भारी परेशानी झेल रहे हैं।

## ताप्ती तीरे

### सार-समाचार

## राजेश सरियाम को दोबारा दी गई जिम्मेदारी, बने मध्य प्रदेश प्रभारी




**बैतूल, देशबन्धु।** राष्ट्रीय मानव अधिकार अपराध एवं भ्रष्टाचार विरोधी ब्यूरो, नई दिल्ली के राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहित गुप्ता ने बैतूल जिले के युवा समाजसेवी राजेश सरियाम को एक बार फिर मध्य प्रदेश प्रभारी नियुक्त किया है। उनकी पुनर्नियुक्ति से जिले में उत्साह का माहौल है और उन्हें लगातार बधाइयां मिल रही हैं। राजेश सरियाम लंबे समय से ग्रामीण और आदिवासी क्षेत्रों में सक्रिय रहकर सामाजिक कार्य कर रहे हैं।

राजेश सरियाम ने सरकारी नौकरी को ठुकराकर समाजसेवा का मार्ग चुना और विशेष रूप से आदिवासी समुदाय के लिए जमीनी स्तर पर काम किया। उनका मानना है कि आदिवासियों के नाम पर राजनीति तो बहुत होती है, लेकिन वास्तविक कार्य कम लोग करते हैं।

## राशन दुकान विक्रेता पर लगाए दबंगई और मारपीट के आरोप

**बैतूल, देशबन्धु।** चिचोली थाना क्षेत्र के ग्राम चिरापाटला में शासकीय राशन दुकान के सेल्समेन पर दबंगई और मारपीट के गंभीर आरोप सामने आए हैं। आवेदिका संगीता बाई सूर्यवंशी ने जनसुनवाई में कलेक्टर को आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है।

आवेदन के अनुसार राशन दुकान के सेल्समेन धीरेन्द्र आर्य लंबे समय से ग्रामीणों के साथ अभद्र व्यवहार कर रहे हैं। आरोप है कि उनका बेटा भावेश उर्फ मोन्टी आर्य भी दुकान का संचालन करता है और लोगों से दुर्व्यवहार करता है।

संगीता बाई ने बताया कि कुछ दिन पहले दोनों ने उनके पति दिनेश सूर्यवंशी की चाय और किराना दुकान पर मारपीट की। बीच-बचाव करने पर उनके साथ भी गाली-गलौज और मारपीट की गई।

पीड़िता का आरोप है कि आरोपी ने उन्हें धमकी दी है कि राशन लेने सोसायटी आने पर जान से खत्म कर देगा। इस मामले की शिकायत चिचोली थाने में की गई है, जहां एफआईआर दर्ज होने की जानकारी दी गई है। संगीता बाई ने कलेक्टर से मांग की है कि आरोपी सेल्समेन को तत्काल पद से हटाया जाए, ताकि ग्रामीणों को उसकी मनमानी और दबंगई से राहत मिल सके।

# मां ताप्ती नदी के प्रवाह क्षेत्र से हटाया अतिक्रमण, मुलताई में प्रशासन की संयुक्त रूप से कार्रवाई

### रात में शेड बनाकर आदेशों की अवहेलना, सुबह दल-बल के साथ हटाया कब्जा



**मुलताई, देशबन्धु।** सूर्यपुत्री मां ताप्ती नदी के पवित्र उद्गम स्थल और प्रवाह मार्ग पर बढ़ते अतिक्रमण को लेकर प्रशासन ने सख्त कार्रवाई करते हुए कब्जा हटा दिया। इस मुद्दे को लेकर ताप्ती भक्तों और स्थानीय नागरिकों में पहले से ही आक्रोश बना हुआ था। प्राप्त जानकारी के अनुसार ताप्ती नदी के प्रवाह मार्ग से संबंधित खसरा नंबर 242 (पुराना) के विभाजन के बाद खसरा नंबर 568 पर बड़े स्तर पर अतिक्रमण किया गया था। मामले की जानकारी मिलते ही ताप्ती भक्तों ने तहसीलदार और अनुविभागीय अधिकारी (एसडीएम) मुलताई को लिखित और मौखिक शिकायत की।

प्रशासन ने गंभीरता को देखते हुए मौके पर पहुंचकर अतिक्रमण पर रोक लगाते हुए स्थगन आदेश जारी किए थे, लेकिन इसके बावजूद अतिक्रमणकारियों ने रात्रि में टिन शेड बनाकर अवैध निर्माण कर लिया, जिससे आदेशों की अवहेलना सामने आई। इसके बाद आज बुधवार सुबह 11 बजे राजस्व विभाग और नगरपालिका के संयुक्त दल ने मौके पर पहुंचकर पुन: सीमांकन किया और ताप्ती नदी की वास्तविक सीमा निर्धारित करते हुए अतिक्रमण को तत्काल प्रभाव से हटा दिया। कार्रवाई के दौरान अतिक्रमण में प्रयुक्त सामग्री जब्त कर पंचनामा भी तैयार किया गया।

कार्रवाई के बाद ताप्ती भक्तों ने प्रशासन के कदम का स्वागत किया, लेकिन साथ ही मांग उठाई कि ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए स्थायी व्यवस्था बनाई जाए। भक्तों ने माँ ताप्ती नदी के उद्गम स्थल, प्रवाह मार्ग, मंदिरों और सरोवर के संरक्षण व विकास के लिए समग्र योजना तैयार करने की भी मांग की है। इसके साथ ही मां ताप्ती लोक न्यास के गठन की मांग भी रखी गई, ताकि प्राचीन मंदिरों, भूमि और नदी क्षेत्र का समुचित प्रबंधन किया जा सके। ताप्ती भक्तों ने चेतावनी दी है कि यदि अतिक्रमण पर स्थायी रोक और विकास कार्य जल्द शुरू नहीं किए गए तो व्यापक जनआंदोलन किया जाएगा, जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

# घोड़ाडोंगरी अंतर्गत 25 नवीन आंगनवाड़ी भवनों की स्वीकृति

**चिचोली/ शाहपुर, देशबन्धु।** घोड़ाडोंगरी विधानसभा अंतर्गत 25 नवीन आंगनवाड़ियों हेतु 11.22 लाख रुपये प्रति नग के मान से निम्न तालिका अनुसार सर्वसुविधायुक्त भवनों का निर्माण होगा।

### यहां बनेंगे भवन

1. नर्मदापुरम् बैतूल घोड़ाडोंगरी गोपीनाथपुर - गोपीनाथपुर पाथंडी 2. नर्मदापुरम् बैतूल घोड़ाडोंगरी ढोलरीढाना - बटकाढाना 3. नर्मदापुरम् बैतूल घोड़ाडोंगरी बंजारीढाल - रपापा 4. चिचोली चिरापाला - बोर रैयत 5. घोडाडोंगरी शक्तिगद - गांधी ग्राम 6. घोडाडोंगरी पाढर - भुरा ढाना है। क्षेत्रीय विधायक गंगा सज्जन सिंह उईके विधानसभा क्षेत्र 132-घोड़ाडोंगरी की अनुशंसा पर डॉ. मोहन यादव माननीय मुख्यमंत्री एवं श्रीमती निर्मला भूरिया मंत्री महिला एवं बाल विकास विभाग, मध्यप्रदेश शासन भोपाल द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 में 132-विधानसभा घोड़ाडोंगरी अंतर्गत 25 नवीन आंगनवाड़ी भवनों की स्वीकृति प्रदान की गई है। जिसमें 7. घोड़ाडोंगरी ग्राम गोपीनाथ - गोपीनाथ 8. घोड़ाडोंगरी नीमपानी - नीमपानी 2..9. घोडाडांगरी पाडरा - हर्रा दाना 2 .10. घोड़ाडोंगरी ग्राम शक्तिगढ़ - शक्तिगढ़ 11. घोड़ाडोंगरी घोड़ाडोंगरी जुबाड़ी - जुबाड़ी 12. घोड़ाडोंगरी घोड़ाडोंगरी पादर पिसाझोड़ी - पिसाझोड़ी 13. घोडाडोंगरी घोड़ाडोंगरी रानीपुर हीराबाड़ी - हीराबाड़ी 14. घोडाडोंगरी घोड़ाडोंगरी फूल गोहान घुग्गी - घुग्गी 2. 15. घोड़ाडोंगरी घोड़ाडोंगरी, सेक्टर सालीदाना - सालीदाना 16. घोड़ाडोंगरी हरीपुरा सेक्टर बंजारीदाल 2 - बंजारीदाल 2. 17. घोड़ाडोंगरी नीमपानी उसरीदाना - उसरीदाना 18. घोड़ाडोंगरी पिसाझोड़ी कुप्पा - कुष्पा 19. चिचोली चूना हजूरी दुधिया 2 - रधिया 2.20. शाहपुर बीजादेही कोडिया 2 - कोडिया 2 . 21. शाहपुर घिसीबागला ऑरिया 3 - ऑवरिया 3.22. शाहपुर घिसीबागला सेहरा 3 - सेहरा 3.23. शाहपुर भौरा 2 - बेहरापुर कुण्डी 24. शाहपुर पहाबाडी - बहरापुर कुण्डी 25. घोड़ाडोंगरी - बहरापुरा है।

# बरेठा घाट पर भीषण सड़क हादसा, ससुर-दामाद की मौके पर मौत, चालक फरार



मृतक

**शाहपुर/ चिचोली।** शाहपुर -बरेठा घाट पर बुधवार दोपहर एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया, जिसमें ससुर और दामाद की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। हादसे की खबर मिलते ही क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई और गांव में मातम छा गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, बैतूल से खेती-बाड़ी का सामान लेकर मोटरसाइकिल से शाहपुर की ओर जा रहे सिलपटी निवासी हरदास वर्मा (55 वर्ष) एवं उनके दामाद सुनहरी सिनोटिया (40 वर्ष) बरेठा घाट पर एक ट्रक को ओवरटेक कर रहे थे। इसी दौरान मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर ट्रक से जा टकराई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही शाहपुर थाना प्रभारी अरविंद कुमरे पुलिस बल के साथ तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे। दोनों शवों को निजी वाहन के माध्यम से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के शवगृह में रखवाया गया।पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वहीं, पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिए गए हैं।

## आज शिवाजी ऑडिटोरियम में कांग्रेस का किसान मुद्दों पर धरना, जुटेंगे जिलेभर के कार्यकर्ता

**बैतूल, देशबन्धु।** किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर आज 9 अप्रैल गुरुवार को जिला मुख्यालय बैतूल में कांग्रेस द्वारा बड़ा धरना-प्रदर्शन आयोजित किया जा रहा है। यह कार्यक्रम मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार सुबह 11 बजे शिवाजी ऑडिटोरियम में होगा, जहां जिलेभर से किसान, पदाधिकारी और कार्यकर्ता जुटेंगे। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष निलय विनोद डागा के नेतृत्व में आयोजित इस प्रदर्शन में किसानों के साथ हो रहे अन्याय के खिलाफ आवाज बुलंद की जाएगी। कार्यक्रम के दौरान खरीदी में देरी, समर्थन मूल्य नहीं मिलना, ओलावृष्टि से हुए नुकसान, खाद की कमी, मनमाने बिजली बिल और सहकारी ऋण वसूली जैसे मुद्दों को प्रमुखता से उठाया जाएगा।

कांग्रेस नेताओं का कहना है कि गेहूं खरीदी की तारीखों में लगातार बदलाव से किसान परेशान हैं और मजबूरी में अपनी उपज कम दामों पर बेच रहे हैं। वहीं प्राकृतिक आपदाओं से पहले ही नुकसान झेल रहे किसानों को शासन की ओर से पर्याप्त राहत नहीं मिल पा रही है। धरना-प्रदर्शन के बाद कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर किसानों की समस्याओं के समाधान की मांग की जाएगी।

कांग्रेस ने जिलेभर के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर किसानों की आवाज को मजबूत करने की अपील की है।

## ताप्ती तट पर बनेगा दसवां घाट, विधायक ने 1.70 करोड़ रुपए के विकास कार्य को दी मंजूरी

**मुलताई, देशबन्धु।** क्षेत्रीय विधायक चंद्रशेखर देशमुख ने नगर में 1.70 करोड रुपए के विकास कार्य को मंजूरी दी है उन्होंने नगर पालिका परिषद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को पत्र लिखकर इन कार्यों के लिए प्राक्कलन तैयार करने और तकनीकी स्वीकृति देने के निर्देश दिए हैं यह काम ग्राम एवं सड़क अवसंरचना योजना के तहत किए जाएंगे।

### क्षेत्र की बुनियादी सुविधाओं पर विशेष ध्यान

प्रस्तावित कार्यों का मुख्य उद्देश्य नगर की बुनियादी सुविधाओं को मजबूत करना है इसके तहत सामुदायिक विद्युतीकरण और नए खंभे लगाने के लिए 50 लाख रुपए का प्रावधान किया गया है। वही मुलताई बाजार क्षेत्र में चबूतरा निर्माण के लिए भी 50 लाख रुपए स्वीकृत किए गए हैं, जिससे व्यापारियों और आम लोगों को सुविधा मिलेगी।

### मंदिरों और घाट क्षेत्र का भी होगा विकास

शीतला माता मंदिर के पास 50 लाख रुपए की लागत से सामुदायिक भवन बनाया जाएगा ,जो सामाजिक और धार्मिक कार्यक्रमों के लिए उपयोगी होगा। इसके अलावा ताप्ती घाट पर 20 लाख रुपए की लागत से घाट भवन का निर्माण किया जाएगा । जिससे धार्मिक गतिविधियों और पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा ।विधायक चंद्रशेखर देशमुख ने अधिकारियों से कहा कि सभी कार्यों के लिए जल्दी प्राक्कलन तैयार कर मंजूरी दी जाए, ताकि निर्माण कार्य समय पर शुरू हो सके। इन योजनाओं से मुलताई क्षेत्र में सुविधाएं बढ़ाने की उम्मीद है।

## जल शक्ति से नवभक्ति कार्यक्रम के तहत शुरू हुआ प्याऊ

### जन अभियान परिषद की पहल पर ग्रामीणों और राहगीरों को मिलेगा शुद्ध शीतल पेयजल



**आठनेर, देशबन्धु।** जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत विकासखंड आठनेर के ग्राम कोयलारी में बुधवार को जल शक्ति से नवभक्ति कार्यक्रम के तहत ग्राम प्रस्फुटन समिति द्वारा जल मंदिर प्याऊ का विधिवत शुभारंभ किया गया। मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के तत्वाधान में आयोजित इस पहल का उद्देश्य बढ़ती गर्मी के बीच ग्रामीणों और राहगीरों को शुद्ध एवं शीतल पेयजल उपलब्ध कराना है।

कार्यक्रम के तहत ग्राम पंचायत के पास स्थापित इस प्याऊ में स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था की गई है, जिससे आमजन को राहत मिल सके। इसके साथ ही समिति द्वारा दीवार लेखन के माध्यम से जल संरक्षण का संदेश दिया गया और माध्यमिक विद्यालय कोयलारी में नल के पास साफ-सफाई अभियान चलाकर स्वच्छता के प्रति जागरूकता भी बढ़ाई गई। इस अवसर पर विकासखंड समन्वयक आठनेर श्रीमती मधु आशुतोष सिंह चौहान ने कहा कि जल सेवा ही सच्ची मानव सेवा है और इस प्रकार के प्रयास समाज में सेवा भावना को मजबूत करते हैं। भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष आठनेर गोवर्धन राने ने ग्रामीणों को वर्षा जल संचयन के लिए घरों के आसपास छोटे गड्ढे बनाकर पानी सहेजने की सलाह दी, ताकि भविष्य में जल संकट से बचा जा सके। आशुतोष सिंह चौहान ने भी जल संरक्षण के महत्व पर विस्तार से जानकारी दी।

कार्यक्रम में सुश्री राधा बारपेटे, दिनेश माकोडे, दिनेश साकरे, अंकित, ग्राम प्रस्फुटन समिति कोयलारी के अध्यक्ष दुर्गादास पाटनकर, सचिव इंदल पाटनकर, दिनेश पाटनकर, किसन पाटनकर, महादेव पाटनकर, शंकर बारस्कर, चैतराम बारस्कर, ओम वाघमारे, बेनी प्रसाद पाटनकर, सुखलाल पाटनकर, श्रीमती गुंता पाटनकर, गीता पात्रे, दुर्गा पाटनकर, श्रीमती कपूरा पाटनकर सहित गांव के वरिष्ठजन और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

### जल ही जीवन का आधार

ग्राम प्रस्फुटन समिति कोयलारी के अध्यक्ष दुर्गादास पाटनकर ने कहा जल ही जीवन का आधार है। आज के समय में जल संरक्षण हमारा कर्तव्य है। ग्राम कोयलारी में जल मंदिर (प्याऊ) की शुरुआत इसी सोच का परिणाम है, ताकि हर राहगीर और ग्रामीण को शुद्ध एवं शीतल पेयजल मिल सके।


## खेत की मेढ़ तोड़ी, पेड़ नष्ट किए, अब पाइपलाइन भी फोड़ी

### शिकायतों पर कार्रवाई नहीं, पीड़ित बोला- हर बार आवेदन दबा दिया जाता है

**बैतूल, देशबन्धु।** खेत में लगातार नुकसान और प्रशासनिक उदासीनता से परेशान एक किसान ने कलेक्टर से न्याय की गुहार लगाई है। आरोप है कि पहले खेत की मेढ़ तोड़ी गई, फिर पेड़ों को नष्ट किया गया और अब पाइपलाइन भी फोड़ दी गई। पीड़ित का कहना है कि कई बार शिकायत करने के बावजूद हर बार उसका आवेदन दबा दिया जाता है। कार्रवाई न होने से आरोपी बेखौफ होकर नुकसान पहुंचा रहे हैं, जिससे किसान की आजीविका पर संकट गहराता जा रहा है।

मुलताई तहसील के बोरगांव निवासी 37 वर्षीय कमलेश साहू ने कलेक्टर को आवेदन देकर गांव के ही पिरम साहू, उत्तम साहू एवं ज्ञानू पिता शंभू साहू और आनंद साहू पिता उत्तम साहू के खिलाफ गंभीर आरोप लगाए हैं और तत्काल जांच कर कानूनी कार्रवाई की मांग की है। कमलेश ने बताया कि वह कृषि कार्य कर अपने परिवार का पालन-पोषण करते हैं, लेकिन वर्ष 2021-22 में आरोपियों ने रात के समय जेसीबी मशीन से उनके खेत के पेड़ उखाड़ दिए और मेढ़ तोड़ दी। इसके बाद वर्ष 2024 में सदाराम पिता मोदी द्वारा पेड़ों को जला दिया गया, जिससे उन्हें भारी नुकसान हुआ। आवेदक का आरोप है कि वर्ष 2025 में अनावेदकों ने उनकी पाइपलाइन भी तोड़ दी, जिससे पूरी लाइन खराब हो गई और सिंचाई व्यवस्था प्रभावित हो गई। जब उन्होंने इसका विरोध किया तो अनावेदकों ने खुलेआम कहा कि पुलिस, कलेक्टर, एसडीएम, तहसीलदार या 100 नंबर कोई उनका कुछ नहीं बिगाड़ सकता। कमलेश साहू ने यह भी आरोप लगाया कि उन्होंने कई बार संबंधित अधिकारियों और 181 हेल्पलाइन पर शिकायत की, लेकिन हर बार उनकी शिकायत बिना कारण बंद कर दी गई या हटा दी गई, जिससे उन्हें न्याय नहीं मिल पाया। पीड़ित ने कलेक्टर से मांग की है कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई हो।

## गंज मंडी योजना को गति देने मैदान में उतरे नपा सीएमओ



**बैतूल, देशबन्धु।** विधायक एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल के निर्देशानुसार बुधवार 08 अप्रैल को सुबह 9 बजे मुख्य नगर पालिका अधिकारी नवनीत पाण्डेय ने निर्माणाधीन गंज मंडी कॉम्पलेक्स का निरीक्षण किया। इस दौरान पूरे प्रोजेक्ट की प्रगति की समीक्षा करते हुए कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए गए।

निरीक्षण के दौरान सीएमओ नवनीत पाण्डेय ने बताया कि कॉम्पलेक्स में कुल 320 दुकानों का निर्माण प्रस्तावित है, जिसमें ग्राउंड फ्लोर पर 142, मेजेनाइन फ्लोर पर 26, फर्स्ट फ्लोर पर 98 और सेकंड फ्लोर पर 54 दुकानें बनाई जानी हैं। प्रोजेक्ट को व्यवस्थित तरीके से चरणबद्ध रूप में आगे बढ़ाया जा रहा है।

**जी और एफ ब्लॉक में काम जारी, नए ब्लॉक की तैयारी:-**वर्तमान में जी ब्लॉक और एफ ब्लॉक में क्रमशः 66 और 78 दुकानों का निर्माण कार्य प्रगति पर है। इसके साथ ही आगे की प्रक्रिया को गति देने के लिए जी-2 ब्लॉक में करीब 32 दुकानों के निर्माण हेतु साइट क्लियर कराने की कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

### अतिक्रमण हटाने सख्त निर्देश

सीएमओ नवनीत पाण्डेय ने निर्माण क्षेत्र में आ रहे अतिक्रमण को हटाने के लिए अतिक्रमण दल को सख्त निर्देश दिए। उन्होंने स्वयं मौके पर अतिक्रमणकारियों से चर्चा कर उन्हें स्थल खाली करने के लिए निर्देशित किया, ताकि निर्माण कार्य बिना बाधा के तेजी से पूरा हो सके।

### तैयार दुकानों में एक सप्ताह में शिफ्टिंग के आदेश

इसके अलावा, पूर्ण हो चुकी 44 दुकानों में दुकानदारों को शीघ्र शिफ्ट कराने के लिए राजस्व अधिकारियों को एक सप्ताह के भीतर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए, ताकि कॉम्पलेक्स का उपयोग जल्द शुरू हो सके और व्यापारियों को सुविधा मिल सके।

## कर्जदार की मौत के बाद भी वसूली का दबाव बना रही फाइनेंस कंपनी

**बैतूल, देशबन्धु।** ग्राम हिरणघाटा के एक परिवार ने कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर फायनेंस कंपनी पर गंभीर आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है। आवेदक मलिना विश्वास, और उनके पुत्र पवित्र विश्वास ने शिकायत में बताया कि उनके पति और पिता स्वर्गीय रमेश विश्वास ने गुरुद्वारा रोड स्थित ऑटोमोबाइल से ट्रैक्टर खरीदा था, जिसका रजिस्ट्रेशन क्रमांक एमपी 48 जेडई 6055 है और इसके लिए महिन्द्रा फायनेंस कंपनी से ऋण लिया गया था। आवेदकों के अनुसार ट्रैक्टर फायनेंस के समय कंपनी द्वारा बीमा कराना अनिवार्य बताया गया था और यह भी आश्वासन दिया गया था कि ग्राहक की मृत्यु होने पर शेष ऋण राशि बीमा कंपनी द्वारा वहन की जाएगी, जिससे परिजनों पर कोई आर्थिक भार नहीं आएगा। इसके तहत लगभग 55 हजार रुपये नगद फायनेंस कंपनी को देने के बाद 1 लाख 90 हजार रुपये की जमा की गई और शेष 6 लाख 35 हजार रुपये का लोन स्वर्गीय रमेश विश्वास के नाम स्वीकृत हुआ था। शिकायत में बताया गया कि रमेश विश्वास की मृत्यु के बाद इसकी सूचना ऑटोमोबाइल बैतूल सहित फायनेंस कंपनी को दी गई थी। इस दौरान रिकवरी एजेंट सुरेन्द्र पवार, अर्जुन कापसे और उनके साथ आए अन्य लोगों को भी स्थिति से अवगत कराया गया था, जिन्होंने प्रारंभ में ट्रैक्टर जब्त नहीं करने की बात कही थी। आवेदकों का आरोप है कि इसके बावजूद महिन्द्रा फायनेंस कंपनी द्वारा अब मनमानी राशि वसूलने के उद्देश्य से लगातार रिकवरी एजेंट भेजे जा रहे हैं, जो हिसाब देने से भी इनकार कर रहे हैं और ट्रैक्टर खींचकर ले जाने की धमकी दे रहे हैं।

जबकि बीमा शर्तों के अनुसार शेष राशि माफ की जानी चाहिए या बीमा कंपनी से वसूली की जानी चाहिए, न कि परिवार से।

आवेदन में यह भी उल्लेख है कि कंपनी द्वारा उदित शर्मा एंड एसोसिएट्स एडवोकेट एंड लीगल कंसल्टेंट के माध्यम से एक नोटिस भेजा गया है, जिसमें 5 लाख 34 हजार 204 रुपये की राशि 10 दिनों के भीतर जमा करने का दबाव बनाया गया है, अन्यथा कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी गई है। आवेदकों का कहना है कि यह नोटिस गलत और भ्रामक है तथा इससे वे मानसिक रूप से प्रताड़ित हो रहे हैं।

### मां-बेटे की कलेक्टर से मांग

मां-बेटे ने कलेक्टर से मांग की है कि फायनेंस कंपनी की इस कार्रवाई को तत्काल रोका जाए, ट्रैक्टर जब्ती की प्रक्रिया पर रोक लगाई जाए और मामले की निष्पक्ष जांच कर उचित कार्रवाई की जाए, क्योंकि परिवार आर्थिक रूप से इस नुकसान को वहन करने की स्थिति में नहीं है।







पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए गिरिराज चाचा द्वारा मेसर्स डी.बी. कार्प लिमिटेड फौजदार गैरेज पवारखेड़ा इटारसी रोड नर्मदापुरम से मुद्रित एवं 45, वार्ड नं. 6, कसेरा मुहल्ला नर्मदापुरम म.प्र. से प्रकाशित, संपादक: **पलाश सुरजन,** कार्यकारी संपादक: **ज़ाकिर अली*** फोन 422297। ई-मेल deshbandhuhbd1@gmail.com समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।